


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 239 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 12 जून 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर

### आचार्य सत्येंद्र दास ने की केन्द्र सरकार को लेकर भविष्यवाणी, कहा-राम की कृपा बनी रहेगी

**अयोध्या (एजेंसी)।** श्रीरामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 2024 में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। उन पर राम की कृपा बनी रहेगी, राम की कृपा से उनका बेड़ा पार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जितने लोग भगवान राम के नाम की जयकार करते हैं, केवल वही लोग यदि बीजेपी को वोट देंगे तो यह निश्चित है कि 2024 में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की भगवान राम में आस्था और विश्वास है, इसलिए पार्टी पर राम की कृपा बनी रहेगी।

उन्होंने कहा कि रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान होने का जो प्रभाव जनता के ऊपर पड़ेगा, उतना किसी के विरोध का प्रभाव नहीं पड़ेगा। राम का विरोध करने वाले को कभी फल नहीं प्राप्त हो सकता और न ही उन्हें सत्ता प्राप्त हो सकती है।


### नशेड़ी युवकों ने नाबालिग के साथ मिलकर की सूने मकान में चोरी, घर से सिलेंडर व हांडी तक उड़ा ले गए चोर

**भिलाई।** नशा नाश की जड़ होता है और यह अपराध का कारण भी बन जाता है। नशे की हालत में गांव के ही युवकों ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर सूने मकान में चोरी कर दी। मकान मालिक अपने परिवार के साथ रायपुर में रहने चला गया था पीछे से बदमाशों ने कांड कर दिया। इस मामले में प्रार्थी की शिकायत के बाद पुलिस सक्रिय हुई और एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी गई मशरूका सोने एवं चांदी के जेवरात, एलपीजी सिलेण्डर, एलईडी टीवी, मिक्सी व कुछ घरेलू उपयोग के बर्तन बरामद किए गए हैं।

बता दें 5 जून को इन्द्रजीत रात्रे थाना पुरानी भिलाई में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 21 मई 2023 को देवबलोदा स्थित अपने मकान में ताला लगाकर नया रायपुर स्थित दुकान एवं मकान में रहने चला गया था। 4 जून को वापस आकर देखा तो घर का चैनल गेट टूटा हुआ था। अदंर जाकर देखा तो आलमारी खुला पड़ा था, सामान बिखरा हुआ था, घर का मुआयना करने पर सोने-चांदी के जेवरात, एलपीजी सिलेण्डर, एलईडी टीवी, मिक्सी व कुछ घरेलू उपयोग के बर्तन गायब थे। इस मामले में पुलिस ने धारा 457,380 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

## मुफ्त की राजनीति में उतरी भाजपा और कांग्रेस तो इनका क्या होगा? फिर जनता किस पर करेगी भरोसा!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक पारी की शुरुआत भ्रष्टाचार के विरोध में उपजे जनाक्रोश का परिणाम थी, लेकिन राजनीति में उनकी जड़ें जमाने का श्रेय उनकी 'मुफ्त' की राजनीति को जाता है। आम आदमी ने केजरीवाल के इस वादे पर इतना भरोसा किया कि उनके सामने जमे-जमाए राजनीतिक दलों के पांव उखड़ गए। इसके दम पर केजरीवाल ने कांग्रेस से न केवल दिल्ली, बल्कि पंजाब भी छीन लिया। भाजपा भी इस राजनीति की शिकार हुई और उसे भी दिल्ली विधानसभा चुनावों में केजरीवाल के हाथों लगातार दो बार करारी हार का सामना करना पड़ा।




दिल्ली की रामलीला मैदान में हुई आम आदमी पार्टी की महारैली में ये बातें सामने आईं। आप नेताओं ने कहा कि बदले हुए दौर में अब भाजपा और कांग्रेस ने भी इस फॉर्मूले को आजमाना शुरू कर दिया है। भाजपा किसानों को आर्थिक सहायता, मुफ्त आवास योजना, राशन योजना, पांच लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज का वादा जैसे लोकलुभावन वादे कर केंद्र में दुबारा सत्ता में आने में कामयाब हुई तो कांग्रेस ने इसी तरह के वादों पर हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में बड़ी जीत हासिल की। अरविंद केजरीवाल ने खुद यह आरोप लगाया है कि भाजपा और कांग्रेस अब उनके वादों की नकल कर रहे हैं।

बड़ा प्रश्न है कि यदि भाजपा और कांग्रेस भी मुफ्त के वादों पर खुलकर राजनीति करने लगे हैं तो अरविंद केजरीवाल की राजनीति का क्या होगा? जनता किसके वादों पर भरोसा करेगी और क्या अब भी केजरीवाल भाजपा या कांग्रेस से कोई राज्य छीनने में कामयाब हो सकेंगे?

### दंतेवाड़ा में पकड़ाया नक्सलियों का सप्लाई चेन

## दो-दो हजार के नोटों के साथ मिले कई सामान, तीन गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां पर पुलिस ने नक्सलियों के सप्लाई चेन को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों से दो-दो हजार रुपए के नोट, बिना नंबर की बाइक सहित एक लाख आठ हजार रुपए व अन्य सामान बरामद हुआ है। तीनों यह सारा सामान लेकर नक्सलियों को पहुंचाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है।




मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मनाए जाने वाले शहीदी सप्ताह के लिए सामान मंगवाया है। यह सारा सामान सहयोगी नक्सली मल्लेश तक पहुंचाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। यहां हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही थी। इस बीच गीदम की ओर से एक काले रंग की बिना नम्बर की बाइक पर तीन लोग सफेद बोरे में सामान लेकर बीजापुर की ओर जाते दिखे।

पुलिस ने तीनों बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो वे तेजी से भागने लगे। कुछ दूर पीछा करने के बाद पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों ने अपना-अपना नाम गीदम निवासी विकेश उर्फ विक्की गोयल, भैरमगढ़ निवासी बलराम तामों और सुमित दीक्षित उर्फ छोटू बताया। पुलिस ने बोरी की तलाशी ली तो उसमें से नक्सल सामग्री बरामद हुई। वहीं विक्की गोयल के पास नक्सलियों का भेजा पत्र मिला। जिसमें सामान खरीदने के लिए दो लाख रुपये भेजने सहित अन्य बातें लिखी थीं।

### डीआरजी और बीएसएफ जवानों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर, रायफल बरामद

कांकेर में सोमवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया। मौके पर जवानों ने एक रायफल भी बरामद की है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग जारी है। बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान पहुंचे थे। मामला छोटेबेठिया थाना क्षेत्र का है। बस्तर आईजी पी सुंददराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को छोटेबेठिया क्षेत्र में आरकेबी डिवीजन सचिव, मेंढकी एलओएस कमाण्डर के साथ करीब 20-25 सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद डीआरजी और बीएसएफ 132 बटालियन के



जवानों को संयुक्त रूप से कोटरी नदी के पूर्वी क्षेत्र के ग्राम आमातोला, बिनागुण्डा एवं कालपर की ओर ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया।

गश्त के दौरान जवान आगे बढ़ रहे थे, तभी सुबह करीब 7 बजे बीनागुंडा के पास घात लगाए नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस पर जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि करीब आधे घंटे चली मुठभेड़ के बाद नक्सली जान बचाकर भाग निकले। इसके बाद जवानों ने इलाके में सर्चिंग शुरू की। इसमें एक महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है।

वहीं शव के पास जवानों को 303 बोर की एक राइफल भी बरामद हुई है। अभी तक मारी गई महिला नक्सली की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जवान उसका शव लेकर लौट रहे हैं। पांच दिन पहले इसी इलाके में नक्सलियों ने कई वाहनों में आग लगा दी थी। ऐसे में माना जा रहा है कि एक बार फिर यहां नक्सली गतिविधियां बढ़ रही हैं।



## चमत्कारः प्लेन क्रैश के बाद अमेजन के जंगल में फंसे थे चार बच्चे, 40 दिनों तक कैसे रहे जिंदा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलंबिया में 40 दिन पहले एक छोटे विमान हादसे के बाद लापता हुए चार बच्चे अमेजन के जंगल में सुरक्षित मिल गए हैं। इस बात की जानकारी खुद कोलंबिया राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने दी है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि लापता बच्चों की खोज के लिए बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा तलाश अभियान अब समाप्त हो गया है। क्योंकि बच्चे सकुशल मिल गए हैं।

अमेजन के जंगलों में सुरक्षित मिले बच्चों की उम्र 11 महीने से लेकर 13 साल हैं। ये सभी बच्चे बच्चे ह्यूटोटो समुदाय से हैं। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इसे पूरे देश के लिए खुशी का दिन बताया। उन्होंने बच्चों से मुलाकात की। पेट्रो के अनुसार, 40 दिन बाद मिले बच्चे थोड़ा कमजोर हैं, जिन्हें डॉक्टरों के निगरानी में रखा जाएगा।

### इस वजह से जिन्दा बच गए बच्चे

समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, 11 महीने के एक बच्चे को सेना के मेडिकल विमान से बोगोटा के एक सैन्य अस्पताल में ले जाया गया है। बच्चों की जीवित बचने पर लोग हैरानी जता रहे हैं। इसी बीच कोलंबिया के राष्ट्रीय स्वदेशी संगठन के सदस्य लुइस एकोस्टा ने एएफपी को बताया कि वे स्वदेशी बच्चे हैं और वे जंगल को अच्छी तरह जानते हैं। उन्हें पता है कि क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए। वे इसके कारण और अपने आध्यात्मिक बल के कारण जीवित रहे।

### फल और बीज खाकर जीवित रहे बच्चे

गार्जियन ने परिवार के एक सदस्य का हवाला देते हुए बताया कि जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तो विमान से कुछ खाने की चीजें भी गिरी थी। जिसे बच्चों ने कुछ दिनों तक खाया। इसके बाद उन्होंने फल और बीज खाना शुरू कर दिया। बच्चों के परिवार के एक अन्य सदस्य ने एक रेडियो स्टेशन को बताया कि जंगल में बच्चों को कीट और मकोड़ों ने काटा था, बावजूद वे सभी ठीक हैं।

### एक मई को हुआ था विमान हादसा

बीते एक मई को इंजन में खराबी के कारण एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद विमान का राडार से संपर्क टूट गया था जिसके बाद तलाश अभियान शुरू किया था। तलाश अभियान के दौरान बचावकर्ताओं को 16 मई को अमेजन के घने जंगलों में विमान का मलबा मिला था। मलबे से विमान के पायलट और दो वयस्क यात्रियों के शव भी बरामद हुए थे, लेकिन इसमें सवार चारों बच्चों का पता नहीं लगाया जा सका था। जिन्हें अब सुरक्षित बरामद किया गया है

## समर वेकेशन खत्म, हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई आज से शुरू, लंबित मामलों को निपटाने बनी स्पेशल बेंच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** समर वेकेशन खत्म होने के बाद अब हाईकोर्ट में आज सोमवार 12 जून से सभी बेंचों में नियमित सुनवाई शुरू की जा रही है। अवकाश बाद अब नियमित बेंच में महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़े मामलों के अलावा अन्य लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी।




हाईकोर्ट में मई के दूसरे सप्ताह के खत्म होते ही समर वेकेशन शुरू हो गया था। इस बीच लगातार चार सप्ताह तक यहां अवकाश रहा। इस दौरान हर सप्ताह वेकेशन जजों ने मामलों की सुनवाई की। इनमें अर्जेंट प्रकृति के मामले प्रमुख तौर पर सुने गए। सोमवार और गुरुवार को वेकेशन बेंच में जरूरी मामलों की सुनवाई वेकेशन के दौरान की गई। चीफ जस्टिस के निर्देश पर इस बार सिंगल बेंच के अलावा डिवीजन बेंच भी अवकाश में बैठी। अवकाश के दौरान भी कई महत्वपूर्ण मामलों में हाईकोर्ट ने निर्णय दिया, जिनमें बंदी प्रत्यक्षीकरण व जनहित याचिकाएं भी शामिल थीं।

चीफजस्टिस ने डिवीजन व सिंगल बेंच के अलावा 6 स्पेशल सिंगल बेंच भी निर्धारित की गई हैं। उनमें एक कैलेंडर ईयर को ध्यान में रखते हुए मामलों की सुनवाई तय की गई है। जिस साल के लंबित मामलों की संख्या ज्यादा है, उस वर्ष के मामले जल्द निपटाने के लिए स्पेशल बेंच बनाई गई है।

## दुनिया के विकास में भारत हरसंभव मदद को तैयार वाराणसी में जी-20 मेहमानों से बोले पीएम मोदी

**वाराणसी (एजेंसी)।** जी-20 सम्मेलन के तहत वाराणसी में सोमवार को आयोजित विकास मंत्रियों की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष वीडियो संबोधन हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि विकास को बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। दुनिया के विकास में भारत हरसंभव मदद को तैयार है। भारत अपने अनुभव बांटने को तैयार है। दुनिया को बचाने के लिए पर्यावरण पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। हम नदियों, पेड़ों का सम्मान करते हैं। विकास, वैश्विक दक्षिण के लिए एक प्रमुख मुद्दा है। वैश्विक दक्षिण के देश वैश्विक कोविड महामारी से उत्पन्न व्यवधान से गंभीर रूप से प्रभावित थे और भू-राजनीतिक तनाव के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में आप जो निर्णय लेते हैं उसका बहुत महत्व होता है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में वाराणसी के हस्तकला संकुल (टीएफसी) में विकास मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं लोकतंत्र की जननी के सबसे पुराने जीवित शहर (बनारस) में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। यह जी-20 विकास मंत्रियों की बैठक के लिए सबसे सही स्थान है।

## डीजे बजाने को लेकर विवाद, पेट में चाकू लेकर अस्पताल पहुंचा युवक, जूनियर डॉक्टर ने इलाज करने से किया इनकार

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में डीजे में मनपसंद गाना बजाने की बात पर जमकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि चाकू बाजी तक हो गई। इस दौरान एक युवक को चाकू मारकर कुछ युवक फरार हो गए। घायल युवक चाकू पेट में लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचा। रात को यहां जूनियर डॉक्टर मौजूद रहीं लेकिन उसने इलाज करने से इनकार कर दिया। जूनियर डॉक्टर ने युवक को मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी क्योंकि जिला अस्पताल में मुख्य डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। इस दौरान जूनियर डॉक्टर के साथ घायल युवक के साथ पहुंचे लोगों ने काफी हुज्जत की। अंत में घायल को मेडिकल कॉलेज ले गए जहां युवक का इलाज हो सका।

## एक पटरी पर दो ट्रेन और ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नल

श्रीकंचनपथ




ओड़ीशा के बालेश्वर में हुए ट्रेन हादसे के बाद रेलवे का सिग्नल सिस्टम विवादों के घेरे में है। अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के जयरामनगर हॉल्ट स्टेशन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कोरबा-बिलासपुर मेमू लोकल को एक पटरी पर खड़े दिखाया गया है। इसी पटरी पर सामने से एक मालगाड़ी भी आती दिखाई दे रही है। सुरक्षित दूरी रखते हुए मालगाड़ी रुक जाती है और हंगामा खड़ा हो जाता है। कहा जाता है कि ट्रेन को किसी तरह रोक लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। रेलवे का स्पष्टीकरण है कि यह वीडियो जयरामनगर हॉल्ट स्टेशन का है जहां ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम स्थापित है। आखिर ABSS है क्या? क्यों एक ही पटरी पर दो ट्रेनें आ जाती हैं। दरअसल, सभी रेलवे ट्रैक पर एक ही समय में कई गाड़ियां होती हैं। पहले इनके बीच इतनी अधिक दूरी होती थी कि दूसरी ट्रेन दिखाई नहीं देती थी। इसकी वजह से काफी वक्त जाया होता था। ABSS इसी समस्या का समाधान है। इसमें ट्रेनें ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम से चलती हैं। इससे ट्रेनों के बीच की दूरी काफी कम हो जाती है। उदाहरण के लिए मान लें कि किसी ट्रैक पर चार सिग्नल हैं। सिग्नल हमेशा हरा रहता है। जैसे ही एक ट्रेन सिग्नल को पार करती है वह लाल हो जाता है। ट्रेन जब उसके बाद के सिग्नल को पार कर 120 मीटर आगे निकल जाती है तो यह सिग्नल एक पीली बत्ती में बदल जाता है। ट्रेन जब तीसरे सिग्नल को पार कर 120 मीटर आगे निकल जाता है तब पहला सिग्नल दो पीली बत्ती और दूसरा सिग्नल एक पीली बत्ती में तब्दील हो जाता है। ट्रेन के चौथे सिग्नल को पार करते ही पहला सिग्नल हरा, दूसरा दो पीली बत्ती और तीसरा सिग्नल एक पीली बत्ती में बदल जाता है। इससे दो ट्रेनों के बीच की दूरी घट जाती है और एक ट्रेन के छूटने के बाद दूसरी ट्रेन के आने का वक्त पुरानी पद्धति की तुलना में काफी कम हो जाता है। दो पीली बत्ती पार करते समय लोको पायलट को पता होता है कि आगे दो सिग्नल के बाद कोई ट्रेन है। इसी तरह एक पीली बत्ती उसे अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहता है क्योंकि अगली ट्रेन एक सिग्नल आगे ही है। वह किसी भी समय ट्रेन रोकने के लिए तत्पर रहता है। यह सिग्नल पद्धति ट्रेन की पटरी पर स्थिति के आधार पर संचालित होती है। इसमें एक पीली बत्ती को पार करते समय ट्रेन की स्पीड 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रहती है। पर इस सिस्टम में सभी ट्रेनें एक दूसरे के पीछे चल रही होती हैं, एक दूसरे के आमने सामने नहीं आ सकतीं। यह तभी संभव है जब एक पटरी पर जो ट्रेन पहले से खड़ी हो और वह पटरी बदलकर आगे बढ़ने वाली हो। जयरामनगर में भी शायद यही हुआ।



## संपादकीय

### सूरज की लपटें

मौसम में इस बार वैसे ही कम अनिश्चितता नहीं है। मानसून ने देरी से केरल में दस्तक दी है और वह कुछ कमजोर भी दिख रहा है, इसलिए आशंकाएं ढेर सारी हैं। एक दूसरा सच यह भी है कि उत्तर और मध्य भारत में जब सूरज का ताप अपने चरम पर होना चाहिए, तब पश्चिमी विक्षोभ एक के बाद दूसरा प्रगट हो रहा है। कुछ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग हो रही है, उसमें तो यह सब होना ही था। मगर इसी बीच वैज्ञानिक एक अन्य खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगले कुछ दिनों तक सूरज अपना रौद्र रूप दिखा सकता है और यह कई तरह से हमारे लिए परेशानी का कारण बनने वाला है। बल्कि, उसने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू भी कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले साल की शुरुआत तक सूरज कई बार भभक सकता है और हमारी कई व्यवस्थाओं के लिए यह खतरा बन जाएगा। यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी 5 जून को ऐसी ही एक भभक सूरज से निकली थी, जो सीधे हमारी पृथ्वी की दिशा में बढ़ी। हालांकि, 250 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चलने वाली यह लपट बहुत ताकतवर नहीं थी और धरती के पास पहुंचते-पहुंचते कुछ मंद भी पड़ गई। मगर हर बार शायद किस्मत इतनी अच्छी न हो। इंसानों के लिए सीधे सूरज को देखना संभव भी नहीं है और आंखों के लिए यह खतरनाक भी हो सकता है। लेकिन अगर हम सूरज की छवि देखें, तो उसकी सतह पर फफोले जैसे धब्बे दिखाई देते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि हर 11 साल बाद ये फफोले फूटते हैं और उनसे भारी मात्रा में ऊर्जा बेहद तेज गति से निकलती है। उसमें सिर्फ ताप नहीं होता, बल्कि चुंबकीय तरंगें भी होती हैं। इसे हम 'सोलर स्टॉर्म' यानी सूरज की आंधी या फिर 'सोलर फ्लेयर' या सूरज की लपट कहते हैं। यह हमेशा से ही होता रहा है और ज्यादतर मामलों में ये लपटें धरती के वातावरण पर एक हद से ज्यादा असर नहीं डाल सकतीं। लेकिन समस्या एक दूसरी जगह है। हम संचार तकनीक के जिस युग में हैं, वहां अनेक मानव निर्मित उपग्रह सुदूर आसमान में हर वक्त धरती के आसपास चक्कर काटते रहते हैं। ये उपग्रह हमारे संचार नेटवर्क, हमारे टेलीफोन, हमारे टेलीविजन और इंटरनेट की दुनिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये चुंबकीय तरंगें और उनके साथ आने वाला ताप इन उपग्रहों और उसके साथ हमारी कई व्यवस्थाओं को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। कुछ देशों में तो इसकी वजह से विद्युत आपूर्ति तक ठप हो सकती है। बहुत से बड़े उपग्रहों में यह व्यवस्था है कि उनके सोलर पैनल और एंटीना वगैरह को जरूरत पड़ने पर अंदर की तरफसमेटा जा सकता है और कुछ हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है, लेकिन सभी उपग्रहों में यह व्यवस्था नहीं है। हम सूरज को आदि मानते हैं। इस धरती पर जबसे इंसान है या यह जीव-जगत है, उससे पहले से सूरज अपनी जगह मौजूद है। ऐसा नहीं कि हाल-फिलहाल में उसकी फितरत में कोई बड़ा बदलाव आ गया हो। सूरज की लपटों के कारण जो समस्या हमारे सामने है, वह दरअसल सूरज से नहीं उपजी। वह इसलिए है कि आगे बढ़ने के प्रयासों में हमने उसकी इस फितरत को नजरअंदाज कर दिया और सुरक्षा के बारे में ज्यादा नहीं सोचा। यह संकट ही नहीं, आगे के लिए एक सबक भी है।

> " ये चुंबकीय तरंगें और उनके साथ आने वाला ताप इन उपग्रहों और उसके साथ हमारी कई व्यवस्थाओं को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। कुछ देशों में तो इसकी वजह से विद्युत आपूर्ति तक ठप हो सकती है। बहुत से बड़े उपग्रहों में यह व्यवस्था है कि उनके सोलर पैनल और एंटीना वगैरह को जरूरत पड़ने पर अंदर की तरफ समेटा जा सकता है और कुछ हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है।

## नाना पटोले की जगह अशोक चव्हाण!

मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष के तौर पर वर्षा गायकवाड की नियुक्ति हुई है। उनके साथ ही महाराष्ट्र कांग्रेस का अध्यक्ष भी बदला जाना था लेकिन नाना पटोले के बारे में फैसला नहीं हो सका। बतौर प्रदेश अध्यक्ष उनका बहुत ज्यादा विरोध हो रहा है। न सिर्फ कांग्रेस के नेता उनका विरोध कर रहे हैं, बल्कि सहयोगी पार्टियों के नेता भी खिलाफ हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट के साथ उनका विवाद जगजाहिर है और एमएलसी चुनाव के समय सत्यजीत तांबे की टिकट को लेकर जो विवाद हुआ वह भी सब जानते हैं। बदलाव का अंदेशा भांप कर पटोले ने पहले से अपने समर्थकों को दिल्ली में बैठाया था। उन्होंने ओबीसी नेतृत्व का हवाला देकर नाना पटोले को बनाए रखने की पैरवी की। हालांकि कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने तय कर लिया है कि नाना पटोले की जगह नया अध्यक्ष बनेगा। यह भी कहा जा रहा है कि एक बार फिर पुराने अध्यक्ष अशोक चव्हाण की वापसी हो सकती है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस की ओर से कराए गए सर्वेक्षण में अशोक चव्हाण को सबसे सक्षम और स्वीकार्य बताया गया है। विपक्षी पार्टियों को उनसे ऐतराज नहीं है। हालांकि उनके बारे में कुछ दिन पहले खबर थी कि वे भाजपा के संपर्क में हैं। तभी कांग्रेस के कई नेता इस आधार पर उनका नाम काटने की कोशिश कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि मराठा वोट की बजाय कांग्रेस को ओबीसी वोट की चिंता करनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस इस समय वोट की बजाय संगठन को एकजुट और मजबूत बनाने की चिंता में है और यह काम अशोक चव्हाण बेहतर ढंग से कर सकते हैं। उनके अलावा सुशील शिंदे, पृथ्वीराज चव्हाण का भी नाम है। ओबीसी नेता के तौर पर सुनील केदार के नाम की भी चर्चा है।

## पटना में विपक्षी पार्टियां क्या करेंगी?

बिहार में 23 जून को सभी विपक्षी पार्टियों की मीटिंग में क्या होगा? क्या भाजपा के खिलाफ विपक्ष के गठबंधन की घोषणा हो जाएगी? इसकी संभावना कम है क्योंकि ज्यादातर पार्टियां मान रही हैं कि अभी उसका समय नहीं आया है। इसी तरह सीटों पर बातचीत भी अभी नहीं होगी। वह चर्चा राज्यवार होगी। यह मोटे तौर पर ऑप्टिक्स के लिए यानी दिखावे के लिए बैठक हो रही है, जिसके सबसे बड़े लाभार्थी नीतीश कुमार हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि उनको और शरद पवार को विपक्षी गठबंधन को औपचारिक रूप देने और पार्टियों के बीच सीटों का तालमेल बनवाने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। बताया जा रहा है कि गठबंधन की रूपरेखा को लेकर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस दबाव डालेगी कि यूपीए के बैनर तले ही सारी पार्टियां चुनाव लड़ें। दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियां चाहेंगी कि नया गठबंधन बने।

इसका कारण यह है कि ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और के चंद्रशेखर राव कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए के बैनर तले चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। इसके अलावा लेफ्ट पार्टियां भी यूपीए का हिस्सा नहीं बनेंगी। इसलिए कोई नया गठबंधन बन सकता है। इस बारे में पटना में बातचीत होगी। इसके अलावा भाजपा के खिलाफ चुनावी एजेंडा तय करने और न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने के बारे में बात होगी और कहा जा रहा है कि इसके लिए एक कमेटी अलग बनाई जा सकती है। सीटों पर बात करने की एक कमेटी अलग हो सकती है। इन कमेटियों की बैठक अलग अलग होती रहेगी और उनकी सिफारिशों पर विचार के लिए सभी पार्टियों की एक नियमित बैठक हर महीने या दो महीने पर हो सकती है। इस बारे में फैसला होगा कि बिहार जैसी ग्रैंड बैठक अलग अलग राज्यों में हर महीने या दो महीने पर हो। अगली बैठक किसी कांग्रेस शासित राज्य में हो सकती है।

> " खरीदारी और आपसी लेन-देन में नकदी की जगह यूपीआई का इस्तेमाल भी मई में नए रिकॉर्ड पर पहुंचा और यहां 14 लाख 30 हजार करोड़ का लेन-देन हुआ। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि लंबी तकलीफके बाद मई में महंगाई से काफी राहत मिली। थोक महंगाई का आंकड़ा तो शून्य से नीचे पहुंच गया, यानी वहां दाम बढ़ने के बजाय उनमें मामूली सी गिरावट दिखाई पड़ी।

# अर्थव्यवस्था के नई उड़ान भरने का वक्त

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार



पिछले महीने के आर्थिक आंकड़े देखें, तो भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार या बाजार में उछाल के संकेत साफ दिख रहे हैं। यह भारतीय रिजर्व बैंक के लिए भी राहत की खबर है। इसीलिए उसने इस बार भी ब्याज दरों में फेरबदल नहीं किया। यही नहीं, रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर, यानी जीडीपी बढ़ने की दर का अनुमान भी कुछ ऊपर कर दिया है। हालांकि, इससे पहले ही पिछली तिमाही की जीडीपी बढ़ने का आंकड़ा लगभग सभी को चौंका चुका था। जनवरी से मार्च के बीच भारत की जीडीपी पिछले साल के मुकाबले 6.1 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अर्थशा्त्रियों का मानना था कि यह आंकड़ा पांच फीसदी के आसपास रहेगा।

इस महीने की शुरुआत ऐसी अनेक खुशखबरियों से हुई है। उद्योगों के मूड का अंदाज लगाने वाला मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई या 'पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स' मई में 31 महीने की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। ये वे लोग हैं, जो कारखानों या बड़े उद्योगों में खरीद के फैसले करते हैं, यानी अंदाज लगाते हैं कि कितने ऑर्डर हैं, कितना माल बनना है और उसके लिए कितने कच्चे माल की जरूरत होगी? इसीलिए इनके मूड का इंडेक्स उस कारोबार का हाल बताने के लिए बिल्कुल मुफीद मीटर है।

दूसरा आंकड़ा था जीएसटी वसूली का। इसमें पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 12 प्रतिशत का उछाल दर्ज हुआ। 1.57 लाख करोड़ रुपये की वसूली इस बात का संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय कारोबार में कई तरह के दबावों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था में मजबूती कायम है। चौपहिया वाहनों के कारोबार में मई महीने की अब तक की सबसे जबर्दस्त बिक्री दिखाई पड़ी और कुल 3,34,802 गाड़ियां फैक्टरियों से डीलरों तक पहुंचीं। जाहिर है, आगे बिक्री के लिए। इसमें एसयूवी की तगड़ी मांग और सेमीकंडक्टर, यानी इलेक्ट्रॉनिक चिप्स की आपूर्ति सुधरने का असर दिखाई पड़ा है। यह आंकड़ा भी पिछले साल के मुकाबले 13.5 फीसदी ऊपर है। दोपहिया गाड़ियों की बिक्री भी मई में बढ़ी है, जो एक अच्छा संकेत है, क्योंकि इसका अर्थ है कि निम्न मध्यवर्ग और उससे कम कमाई वाले लोग भी खरीदारी के लिए निकल रहे हैं।

खरीदारी और आपसी लेन-देन में नकदी की जगह यूपीआई का इस्तेमाल भी मई में नए रिकॉर्ड पर पहुंचा और यहां 14 लाख 30 हजार करोड़ का लेन-देन हुआ। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि लंबी तकलीफके बाद मई में महंगाई से काफी राहत मिली। थोक महंगाई का आंकड़ा तो शून्य से नीचे पहुंच गया, यानी वहां दाम बढ़ने के बजाय उनमें मामूली सी गिरावट दिखाई पड़ी। तीन साल में पहली बार थोक भाव में ऐसी कमी आई है। हालांकि, पिछले ग्यारह महीनों से थोक भाव बढ़ने की रफ्तार कम हो रही थी। लेकिन उसी दौरान खुदरा बाजार में जो महंगाई खाए जा रही थी, वह भी अप्रैल में पिछले डेढ़ साल के सबसे निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई के आंकड़े आज आने वाले हैं। अर्थशा्त्रियों का अनुमान है कि इस बार इसमें और गिरावट दिखेगी। यह रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य के और करीब पहुंच जाएगी।

बीते महीने की अच्छी तस्वीर दिखाने वाले आंकड़ों के साथ अब सवाल उठता है कि आगे की राह कैसी होगी? कुछ संकेत तो ये आंकड़े दे रहे हैं। मगर इसके साथ कुछ अन्य संकेत भी हैं। खबर है कि फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन और ऐसी दूसरी चीजें बनाने वाली कंपनियों में हलचल फिर तेज हो रही है। पिछली दिवाली के बाद से इस कारोबार में काफी मंदी का माहौल था और अलग-अलग चीजों की बिक्री में 15 से 30 फीसदी तक की गिरावट दर्ज हुई थी, लेकिन अब करीब-करीब सभी सेक्टर में कंपनियां उत्साह में हैं। त्योहारी सीजन में उनको जोरदार बिक्री की उम्मीद है।

इन कंपनियों की बिक्री बढ़ने का मतलब है, जरूरी सामान बनाने वाली कंपनियों का काम पहले से बेहतर होना। दुनिया भर के बड़े निवेशक भारतीय शेयर बाजार पर एक के बाद एक जोरदार रिपोर्ट निकाल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज नोमुरा ने कहा है कि चीन को अब साइड देनी पड़ेगी, क्योंकि भारत का वक्त आ रहा है। उनका कहना है, आने वाला दशक भारत का होगा।

जेफ्रीज के निवेश रणनीतिकार और दिग्गज निवेशक क्रिस वुड का कहना है, सेंसेक्स का एक लाख पर पहुंचना अब बस कुछ ही वक्त की बात है। उनका कहना है, भारतीय बाजार सभी चिंताओं और बाधाओं को पार करता जाएगा। गोल्डमैन सैक्स का कहना है, भारतीय शेयर बाजार में शेयरों के दामों को महंगा नहीं कहा जा सकता। इसके पीछे उसका तर्क है कि पिछले पांच साल में यहां बहुत सी कंपनियां 'मल्टीबैगर' बनी हैं, यानी उन्होंने अपने निवेशकों के पैसे को कई गुना करके दिखाया है। इसीलिए इस बाजार में फिलहाल बहुत संभावनाएं हैं।

पिछले दिनों सबसे ज्यादा चर्चा में रही मॉर्गन स्टैनली की रिपोर्ट। इसमें कहा गया है कि पिछले 25 साल से भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार दुनिया में दूसरे नंबर पर है और शेयर बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में है। इसके बावजूद पश्चिमी दुनिया के निवेशकों में भारत के प्रति बेरुखी दिखती है। उनका कहना है कि भारत अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं करता, और यहां शेयर काफी महंगे हैं। रिधम देसाई और उनकी टीम ने इस धारणा को गलत बताया है और कहा कि ऐसे लोग पिछले दस साल में भारत में हुए बदलावों को अनदेखा करते हैं।

अर्थशास्त्री विवेक कौल ने मॉर्गन स्टैनली की रिपोर्ट को एकतरफा बताते हुए लिखा कि ऐसा लगता है, यह सिर्फ शेयरों के भाव बढ़ाने के लिए लिखी गई रिपोर्ट है। उन्होंने अनेक तर्कों का खंडन किया है। हालांकि, वह भी मानते हैं कि तमाम चिंताओं के बावजूद अर्थव्यवस्था में सुधार के कई संकेत दिख रहे हैं, और यह भी कि अगर पश्चिमी देशों में ब्याज दरें कम होने का सिलसिला शुरू हुआ, तो एक बार फिर बड़ी मात्रा में विदेशी पैसा भारत आता हुआ दिखेगा।

अब मानसून कुछ देरी से भारत में प्रवेश कर चुका है। लेकिन आगे जिन चीजों से अर्थव्यवस्था का हाल तय होना है, उनमें यह भी एक बड़ा सवाल है कि पूरे देश में कब और कितनी बारिश होती है?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सबके तो नइया जाला काशी हो बिसेसर रामा...

चंदन तिवारी, चर्चित लोकगायिका

पांच जून को पर्यावरण दिवस था। संयोग से इस बार उसी दिन आषाढ़ भी चढ़ा। लोक परंपरा में आषाढ़ बहुत खास महीना है। आस्था, उम्मीद और भरोसे का महीना। लोकगायन की मशहूर विधा 'बारहमासा' में एक हद तक आषाढ़ को साल के पहले महीने की तरह भी पेश किया जाता है। यह परंपरा भी रही कि महिलाएं सामूहिक रूप से बारहमासा सुमिरन (प्रार्थना) गीत गाती थीं। यह कामना करती थीं कि आषाढ़ इतना बढ़िया बरसे कि खेती ठीक हो, और सालों भर जीवन में उल्लास व उमंग रहे। भोजपुरी के दो बड़े गीतकार-कलाकार महेंदर मिसिर और भिखारी ठाकुर ने भी अपने बारहमासा गीतों में आषाढ़ को ही पहले महीने की तरह लाया है।

अन्य सभी पहचान के साथ लोक-परंपरा में आषाढ़ को कजरी का महीना भी कहा जाता है। कजरी की बात निकलती है, तो सबसे पहले सावन और मिर्जापुर ध्वनित होता है। बेशक, सावन कजरी के परवान चढ़ने का महीना है, पर इसकी शुरुआत आषाढ़ से ही हो जाती है। रही बात मिर्जापुर की, तो इस शहर की पहचान ही कजरी से जुड़ी रही है। दरअसल, विंध्य क्षेत्र के इस इलाके में अभी सबसे ज्यादा लोग विंध्याचल धाम मंदिर जाते हैं। कहते हैं कि मां विंध्यवासिनी का एक नाम कज्जला देवी भी है। कजरी की एक कथा यह भी है कि कजरी नाम, कज्जला देवी के नाम से आया। हालांकि, इस पर और भी मत है, लेकिन यह सच है कि विंध्याचल मंदिर का कजरी की परंपरा से गहरा रिश्ता रहा है। आज भी मंदिर में कजली गाने और काजल का टिका लगाने की परंपरा है। यहां हर साल विंध्यवासिनी जन्मोत्सव मनाने का चलन रहा। इस अवसर पर कजली महोत्सव होता रहा, जिसमें कजरी के नए शिष्य अपने गुरुओं से दीक्षा लेकर, विंध्याचल मंदिर में आकर, सुमिरनी भेंट कर कजरी के अखाड़े के लिए तैयार होते थे।



मिर्जापुर के इलाके में ही एक बड़े कजरीबाज थे, प्रेमधन। इनकी हवेली को कजरी की हवेली भी कहते थे। इस हवेली में आषाढ़ से लेकर भादो तक कजरी की महफिल जमती थी। खड़ी बोली हिंदी के प्रणेता भारतेंदु इस हवेली में आकर डेरा जमाते थे। यहां विशाल लाइब्रेरी थी कजरी की। यहां से कजरी की किताबें छपती थीं, पत्रिकाएं भी। रचनाकार अपनी रचना लेकर यहां पहुंचते थे, गवैये कजरीबाज गाना लेने के फेर में। बनारस, जौनपुर, प्रयाग से लेकर तमाम इलाके के कजरी प्रेमी इस मौसम में दो ही जगह पाए जाते थे- कजरी के अखाड़े या दंगल में या फिर बाबू प्रेमधन की कजरी हवेली में।

कजरी लोकविधा पुरबिया लोकगायन में सबसे विस्तारित आयाम की विधा है। कजरी गाते भी हैं, मनाते भी हैं, खेलते भी हैं। लोकगीतों के बारे में जो कहा जाता है कि यह समकालीन इतिहास का निरूपण करते हैं, वह कजरी की परंपरा में भी दिखता है। देश और दुनिया की हर घटना कजरी में है। जिस मिर्जापुर के इलाके ने हर घटना को कजरी का विषय बनाया, उस कजरी में इस इलाके के अपराध का इलाका होने की जानकारी उस तरह नहीं मिलती, जैसा इसी नाम से बनी एक वेब सीरिज में दिखाने की कोशिश हुई। कजरी में अपराध और अपराधी की कथाएं भी हैं, पर अलग रूप में।

ऐसी ही एक कथा है काशी के नागर पहलवान और कजरी की दुनिया की पटरानी मानी गई व बरसाती चांद जैसी कृति देनेवाली सुंदरी बाई की। असल में, उस वक्त अंग्रेजों का एक दलाल होता था, मिसिर गुंडा। सुंदरी बाई का अपहरण कर अपने साथ रखता है। काशी के नागर पहलवान को यह बात खटकती है। वह मिसिर को बुलाकर संवाद करना चाहता है, लेकिन मिसिर उस पर हमला कर देता है, पर नागर से जीत नहीं पाता। मिसिर मारा जाता है। सुंदरी बाई आजाद होती है। वह कजरी की बड़ी कवयित्री बनती है। काशी और मिर्जापुर इलाके के अपने वफादार की हत्या से अंग्रेज नागर पहलवान के दुश्मन हो जाते हैं। नागर को कालापानी की सजा होती है। नागर जब कालापानी के लिए जा रहा होता है, तब बनारस और मिर्जापुर के बीच में नदी किनारे बैठकर सुंदरी बाई एक गीत गाती है- सबके तो नइया जाला काशी हो बिसेसर रामा, नागर नइया जाला कालापनिया ए हरि। यह गीत आजादी की लड़ाई की प्रेरक कथा बन जाता है। लोकमानस में एक कालजयी आख्यान की तरह स्थापित हो जाता है।


**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# शैक्षिक संस्थानों को अनुदान से स्वावलंबन की राह

सुरेश सेठ

भारत को एक युवा देश कहा जाता है। इसकी लगभग आधी जनता कार्यशील आयु वर्ग में है और शिक्षा प्राप्त करने के उपयुक्त आयु अर्थात्‌ 16 से 26 की उम्र के तहत भी लगभग एक-तिहाई जनता आ जाती है। सरकार ने उच्च शिक्षा को व्यावहारिक और उपयोगी बनाने के लिए नई शिक्षा नीति बना दी है। दरअसल, हर चुनावी एजेंडे में जनता को शिक्षित करना और नौनिहालों को विद्या दान देना एक आकर्षक मुद्दा है, इसलिए लगभग सभी प्रभावशाली पार्टियां शिक्षा में बेहतरी को एक मुख्य एजेंडा मानकर चल रही हैं। पिछले दिनों उच्च शिक्षा के बारे में एक सर्वेक्षण भी आया कि इसके बावजूद अध्ययनरत युवा उचित शोध और अन्वेषण के प्रति झुकाव नहीं रखते हैं। यह भी कि पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में नौजवानों का रुख वैज्ञानिक विषयों से अधिक कला संकाय के चयन की ओर हो रहा है। ऐसी बातों को उच्च शिक्षा के नये मॉडल को चुनौती के तौर पर स्वीकार करना चाहिए। वैसे यह तो स्वीकार होता रहेगा, पहले देखें कि इस समय राज्यों में युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने का क्या माहौल है?

पंजाब सहित प्राय: सभी राज्यों में कुछ राज्य विश्वविद्यालय हैं और कुछ निजी विश्वविद्यालयों का विकास भी अब तेजी से हो रहा है। शिक्षा का निजीकरण पंजाब में तो इस तेजी से हुआ कि अगर यहां तीन नियमित स्टेट यूनिवर्सिटीज काम कर रही हैं तो लगभग 16 निजी विश्वविद्यालय कार्यरत हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की बात छोड़िए।



पिछले दिनों में पंजाब यूनिवर्सिटी किस राज्य का गौरव है और इस पर पूर्ण अधिकार किसका हो, इसके बारे में दो मीटिंग हुईं। पहली मीटिंग में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक के साथ पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री शामिल हुए और इसी की अगली किस्त के रूप में 6 जून को भी दूसरी मीटिंग हुई है। सवाल इन नियमित यूनिवर्सिटियों के आर्थिक संकट का है। बेशक ये यूनिवर्सिटियां पंजाब का गौरव हैं जैसे पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाबी विवि और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी। लेकिन ये अर्थाभाव से घिरी हैं। एक यूनिवर्सिटी में तो इस साल के शुरू में शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग को वेतन देने में कठिनाई पैदा हो गई थी जिसको पंजाब सरकार ने उदार अनुदान के साथ हल किया। लेकिन संकट अभी भी खड़े हैं। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि अन्य विश्वविद्यालय भी सरकारी अनुदान पर निर्भर हैं, अगर वे नियमित हैं। वहीं निजी विश्वविद्यालयों के बारे में शिकायत यह कि ये फीसों आदि की अंधाधुंध वसूली करते हैं। इससे गरीब का बच्चा इनमें नहीं पढ़ सकता। पिछले दिनों इन विश्वविद्यालयों और फीस ढांचे की जांच भी होनी शुरू हुई। हिमाचल के एक विश्वविद्यालय पर भी अनियमितता के चलते कार्रवाई हुई। लेकिन स्टेट यूनिवर्सिटीज़ या केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का आर्थिक जिम्मा तो केन्द्र व राज्य सरकारों की सम्मिलित रूप से लेना चाहिए। लेकिन बीते दिनों एक सर्कुलर देश के राज्य विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलरों को प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें आत्मनिर्भर होने के लिए यह कहा गया कि हमारे अनुदानों पर निर्भर न कीजिए, अपने कोष बनाइए और उन्हीं से अपना काम चलाइए। इससे पहले इन यूनिवर्सिटियों को चलाने का जिम्मा केन्द्र सरकार और संबंधित राज्य सरकार का संयुक्त रूप से रहता था। इसके लिए शिक्षा कर और सैस भी लगाए जाते थे। बार-बार आर्थिक विशेषज्ञों ने कहा कि देश में शिक्षा और शोध के विकास व अन्वेषण के लिए सरकार अपने जीडीपी का कम से कम 6 प्रतिशत व्यय करे। लेकिन किसी भी वर्ष इतना खर्च शिक्षा के विकास पर नहीं हो पा रहा। कर्ज के भार से दबी हुई राज्य सरकारें रियायत, अनुदान की नीति पर चलती रहीं। इसकी नई और आकर्षक योजनाएं घोषित करने में तो कोई विलम्ब नहीं करतीं। राज्य सरकारें कर्जभार से कितनी ही दब जाएं लेकिन जब शिक्षा की बात आती है तो उसके लिए आवंटित राशि में या तो कटौती हो जाती है या फिर उसे पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र को आवाज देने की बात होने लगती है। जबकि आधुनिक वैज्ञानिक और डिजिटल जमाने में शिक्षा के बिना आदमी असंबद्ध जैसा है। समय के साथ चलने के लिए उसे न केवल पर्याप्त शिक्षित होना चाहिए बल्कि नये-नये शोध भी उसके विकास मार्ग को सुगम करें। लेकिन जो चिट्ठी हरियाणा सहित अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों को अभी प्राप्त हुई है, उसमें इन विश्वविद्यालयों को अपने कोष खुद स्थापित करने के लिए कहा गया है। उन्हें कहा गया है कि वे चाहे अपने पुराने छात्रों से पैसे भेंट के रूप में स्वीकार करें या सार्वजनिक-निजी भागीदारी में प्रोजेक्ट चलाकर कमाएं या रिसर्च, शोध ग्रांट और अपने अन्वेषण के पेटेंट करवाकर पैसे की कमाई करें। उन्हें अब अपने पैरों पर खड़ा होने की जरूरत है। वहीं यह संदेश रेखांकित करता है कि जब अपने ही पैरों पर खड़े होने की बात आएगी तो ये विश्वविद्यालय छात्रों से अधिक फीस और चार्जेज की मांग करेंगे जिसका बोझ अभिभावकों पर पड़ेगा। क्या महंगाई के इस दौर में वे इन नियमित राज्य विश्वविद्यालयों में दाखिला दिलाकर युवाओं को शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे? निजी विश्वविद्यालय तो पहले ही उनकी पहुंच से दूर थे। क्या अब नियमित विश्वविद्यालयों को भी सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहने का जो संदेश दिया गया है, वह शिक्षा को कल्याणकारी कार्य के बजाय बाजारीकरण के भरोसे नहीं छोड़ देगा? इस चिट्ठी में यह भी शामिल है कि यूनिवर्सिटियों के पास जो जमीनें और अन्य संसाधान फालतू पड़े हैं, वे उनके भी व्यावसायिक इस्तेमाल के बारे में सोचें। इस प्रकार वे अपने पैरों पर खड़े होने का प्रयास करें।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX

ITR फाईल

बनवायें मात्र 500/- में

TDS, GST, TAX Expert

सम्पर्क- शेखर गुप्ता

9300755544

onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में जल्द पड़ेगी प्री-मानसून की बौछारें

**रायपुर।** राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के एक-दो स्थानों पर आगामी चौबीस घंटों के दौरान तेज आंधी चलने, वज्रपात होने अथवा गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं। इधर अनुकूल परिस्थितियां मिलते ही दक्षिण-पश्चिम मानसून अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो आने वाले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के एक-दो स्थानों पर तेज आंधी चलने तथा इसकी रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा तक रहने, वज्रपात होने तथा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। इसके अलावा राज्य के एक-दो हिस्सों में अभी भी तेज गर्मी पड़ने के आसार हैं। बस्तर संभाग के कुछ हिस्सों में इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहने तथा गरज-चमक होने के आसार बने हुए हैं। दूसरी ओर दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए परिस्थितियां अब अनुकूल हो गई है। आज दक्षिण पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ा है। इसके अलावा कर्नाटक, गोवा, कोंकण के कुछ हिस्से, तमिलनाडु के अधिकांश हिस्से और पुडुचेरी, आंध्र के कुछ हिस्से में यह सक्रिय हो गया है।

### राज्य सरकार के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियां

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य शासन के पीएससी, हाईकोर्ट, जिला कोर्ट, और आयुर्वेद, ट्राइबल, राजस्व विभाग की भर्ती विज्ञापन जारी हुई है। इनमें हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्टेनोग्राफर पद के लिए 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हाईकोर्ट डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी महासमुंद द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद हेतु 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महासमुंद डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पुरातत्व अधिकारी, पुरालेख वक्ता, मुद्रा शास्त्री, पुरातत्ववेत्ता, संग्रहअध्यक्ष पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है आवेदन की अंतिम तिथि 17 जून 2023 है। विस्तृत जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पीएससी डॉट सीजी डॉट जीओवी इन पर उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला कबीरधाम द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 20 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है आवेदन की विस्तृत जानकारी कवर्धा डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। कलेक्टर जिला बिलासपुर द्वारा विभिन्न पदों के लिए 15 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार जिला आयुर्वेद अधिकारी बिलासपुर द्वारा चतुर्थ श्रेणी पद के लिए 28 जून 2023 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन दोनो विज्ञापनो की विस्तृत जानकारी बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

# बेटियों को शिक्षित व सक्षम बनाती मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना

## योजना का लाभ लेकर साक्षी ने बीकॉम में लिया दाखिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोकेश्वरीमुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन कर रही हैं। प्रदेश में कई श्रमिक हितैषी योजनाएं भी संचालित है और उसके बेहतर क्रियान्वयन से श्रमिक परिवार लाभान्वित हो रहे है। ऐसी ही मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना है, जो मजदूर परिवार के बेटियों की शिक्षा, रोजगार तथा शादी में सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई है।

धमतरी जिले की रहने वाली लोकेश्वरी यादव ने मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना का लाभ लेकर बीकॉम. में अपनी बेटी का दाखिला कराया। श्रम विभाग के माध्यम से मिले इन पैसों से लोकेश्वरी की बेटी साक्षी अब बिना किसी चिंता के अपनी पढ़ाई पूरी कर रही है।



लोकेश्वरी पेशे से मजदूर है और अपनी पति के मृत्यु के बाद उसके सामने कई समस्याएं खड़ी हुईं। यदि लोकेश्वरी परिस्थिति का डटकर सामना नहीं करती तो बेटियों को पढ़ाने का उसका सपना मानो अधूरा ही रह जाता। लेकिन लोकेश्वरी ने हार नहीं मानी और मां के साथ-साथ एक पिता की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। मजदूरी के दौरान लोकेश्वरी को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण योजना के बारे में जानकारी मिली और उसने आवेदन किया। योजना का लाभ मिलने से अधूरे सपने को पूरा करने की ओर उसके कदम बढ़े और अपनी बिटिया को बी.कॉम में प्रवेश दिलाया।

लोकेश्वरी अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताती हैं कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी के नर्सिंग की पढ़ाई के लिए जमीन का हिस्सा बेचा। लेकिन अब उसे ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ी और राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से उसे बड़ा सहारा मिला। लोकेश्वरी को नियमित रूप से विधवा पेंशन भी मिल रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत धमतरी जिले में कुल 04 हजार 112 आवेदन मिले तथा एक हजार 999 हितग्राहियों को कुल तीन करोड़ 99 लाख 80 हजार रूपये की सहायता प्रदाय की गई है।

### मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना

इस योजना की मदद से छत्तीसगढ़ के गरीब परिवार की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा विवाह में काफी मदद मिल रही है। प्रदेश के ऐसे श्रमिक जिनके आय का कोई और जरिया नहीं है, उन्हें भी इस योजना से सहारा मिला है।

### आवश्यक दस्तावेज-


इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक श्रमिक को छत्तीसगढ़ का स्थाई निवासी और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ एक परिवार की केवल दो बेटियों को ही मिलेगा। योजना के माध्यम से राज्य के गरीब परिवार की बेटियों को बीस-बीस हजार रूपए की आर्थिक मदद दी जाती है, ताकि इस पैसे का इस्तेमाल बेटियों की पढ़ाई, रोजगार या शादी में किया जा सकें।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागर विमानन मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को लिखा पत्र

# बिलासपुर नगर को उड़ान -5 योजना में जोड़ने हेतु शीघ्र कार्यवाही करने का किया अनुरोध

- केंद्र द्वारा उड़ान-5 योजना में बिलासपुर को शामिल नहीं किए जाने की जानकारी मिलने पर लिखा पत्र
- बिलासपुर एयरपोर्ट में नियमित हवाई सेवा आरंभ करने के उद्देश्य से टर्मिनल भवन, रनवे विस्तार, सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था पर राज्य के बजट से व्यय किए गए 45 करोड़ रुपये

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागर विमानन मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को पत्र लिखकर उनसे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर नगर को उड़ान -5 योजना में जोड़ने हेतु शीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। ताकि अंचल के लोगों को देश के अन्य भागों में आने-जाने की सुविधा मिले और क्षेत्र के आर्थिक विकास में सहायता मिल सके।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि यह जानकारी प्राप्त हुई है कि केन्द्रीय विमानन मंत्रालय ने बिलासपुर नगर को उड़ान -5 योजना में शामिल नहीं किया है। बिलासपुर अंचल के लोगों में केंद्र सरकार के इस निर्णय से निराशा एवं रोष व्याप्त है। श्री बघेल ने पत्र में उल्लेख किया है कि बिलासपुर राज्य का दूसरा महत्वपूर्ण नगर है।

राज्य का उच्च न्यायालय बिलासपुर में स्थित होने के कारण भी यहां नियमित हवाई सेवा की सुविधा उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी लिखा है कि राज्य सरकार द्वारा डी.जी.सी.ए. तथा केन्द्रीय विमानन मंत्रालय के परामर्श से बिलासपुर एयरपोर्ट में नियमित हवाई सेवा आरंभ करने के उद्देश्य से टर्मिनल भवन, रनवे विस्तार, सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने राज्य के बजट से 45 करोड़ रुपये व्यय किया जा चुका है। राज्य सरकार के अथक प्रयासों से बिलासपुर को देश के एयर लिंक से जोड़ा गया तथा वहां से जबलपुर, नई दिल्ली, प्रयागराज, इन्दौर इत्यादि हेतु हवाई सेवाएं प्रारम्भ की गयी थी। बिलासपुर आने एवं जाने वाले सभी विमानों में यात्रियों की संख्या उत्साहवर्धक थी किन्तु अज्ञात कारणों से बाद में इन्दौर की विमान सेवा बन्द कर दी गयी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नागर विमानन मंत्री श्री सिंधिया से पत्र में अनुरोध किया है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर नगर को उड़ान -5 योजना में जोड़ने हेतु शीघ्र कार्यवाही करें ताकि अंचल के लोगों को देश के अन्य भागों में आने-जाने की सुविधा मिले और क्षेत्र के आर्थिक विकास में सहायता मिल सके।

## श्रम योजनाओं से श्रमिक परिवारों के जीवन में आ रहा बदलाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित श्रम योजनाओं से श्रमिक परिवारों के जीवन में बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की हितों की रक्षा करना भूपेश सरकार की प्राथमिकता है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आ रहा है। श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री-नोनी-सशक्तिकरण-योजना का लाभ श्रमिक वर्ग की बेटियों को मिल रहा है।

इससे न केवल श्रमिक परिवारों की बेटियां लाभान्वित हो रही है बल्कि सशक्त भी बन रही है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के श्रम विभाग के अंतर्गत सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मुख्मंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा उनके विवाह के लिए सहयोग राशि प्रदान करना है। योजना में पात्र श्रमिक परिवार की प्रथम दो अविवाहित बेटियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए 20-20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना से श्रमिक परिवार की बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। यह राशि महिला श्रमिकों को बच्चे के जन्म के पश्चात प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ पहले दो बच्चों के प्रसव के लिए दिया जाता है। उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रारंभ से ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। योजना के माध्यम से सहायता राशि मिलने से कमजोर परिवार के लोगों को आर्थिक मदद मिलती है।

# ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के माध्यम से खुला जिले का पहला कोदो प्रसंस्करण केंद्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। मोटे अनाज का हमारे देश में खास महत्व है। कई पीढ़ियों से भारतीय खान-पान का अहम हिस्सा रहे मिलेट्स कब थाली से गायब हो गए पता ही नहीं चला। मिलेट्स की पौष्टिकता और उसके फायदों को देखते हुए फिर से उसका महत्व लोगों तक पहुंचाने की कोशिश सरकारों द्वारा की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मनाया जा रहा है। सामान्यत: मोटे अनाज वाली फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कोदो, कुटकी और कुट्टू को मिलेट क्रॉप कहा जाता है।



मिलेट्स को सुपर फूड भी माना जाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होते हैं। आधुनिक समय में भले ही हम कितना भी मैदा और गेंहू का आटा यूज कर लें, लेकिन जब कभी भी हेल्दी अनाज की बात आती है, तो सबसे पहले लोग मोटे अनाज के बारे में बात करते हैं। मोटे अनाज पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से कई फायदा मिलता है। छत्तीसगढ़ की बात करें तो मिलेट्स यहां के आदिवासी समुदाय के दैनिक आहार का पारंपरिक रूप से अहम हिस्सा रहे हैं। आज भी बस्तर में रागी का मड़िया पेज बचे चाव से पिया जाता है। छत्तीसगढ़ के वनांचलों में मिलेट्स की खेती भी भरपूर होती है। इसे देखते हुए मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर मिलेट मिशन चलाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट्स को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का ना सिर्फ समर्थन मूल्य घोषित किया गया, अपितु समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से प्रदेश में कोदो, कुटकी एंव रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर उपार्जन किया जा रहा है। इस पहल से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स का रकबा डेढ़ गुना बढ़ा है और उत्पादन भी बढ़ा है।

छत्तीसगढ़ में शुरू हुए मिलेट मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में मिलेट (कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार इत्यादि) की खेती के साथ-साथ मिलेट के प्रसंस्करण को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त दैनिक आहार में मिलेट्स के उपयोग को प्रोत्साहित कर कुपोषण दूर करना है। प्रदेश में आंगनबाड़ी और मिड-डे मील में भी मिलेट्स को शामिल किया गया है। स्कूलों में बच्चों को मिड-डे मील में मिलेट्स से बनने वाले व्यंजन परोसे जा रहे है। इनमें मिलेट्स से बनी कुकीज, लड्डू और सोया चिक्की जैसे व्यंजनों को शामिल किया गया है।


मिलेट मिशन योजना अंतर्गत मिलेट्स को प्रोत्साहित किए जाने हेतु 26 जनवरी 2023 को बिहान योजना अंतर्गत गठित समूह के माध्यम से मिलेट्स कैफे का शुभारंभ किया गया है। जिले में मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहित किए जाने हेतु इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले में माइनर मिलेट्स कोदो, कुटकी, सामा बहुतायत में पाया जाता है लेकिन इसके प्रसंस्करण के लिए जिले में कोई भी इकाई स्थापित नहीं थी न ही इसके प्रसंस्करण के लिए संभाग में किसी भी दुकान में इसकी मशीन उपलब्ध थी। इस कारण अप्रसंस्कृत कोदो विक्रय करना ग्रामीणो की मजबूरी थी। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांछी रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण से कोदो प्रसंकरण इकाई स्थापित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कोदो प्रसंकरण की समस्या को देखते हुये कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में ओड़गी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खर्रा में विकसित किये जा रहे महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) अंतर्गत जिले के पहले कोदो प्रसंकरण इकाई स्थापित की गयी है।

## अण्डा उत्पादन का कार्य कर लाखों का आय ज्वाला स्वयं सहायता समूहो के महिलाओं को हो रहा

**सूरजपुर।** महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गौठान में विविध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। विभिन्न आजिविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर महिलाए आत्म निर्भर हो रही है। ग्रमीण क्षेत्रो में निवासरत महिलाओं की समूह के रूप में गठित कर रोजगार से जोडे जाने की अति महत्वाकांक्षी योजना है। बसदेई गौठान में ज्वाला महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा लेयर बहस पालन कर अण्डा उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। अभी तक कुल 43620 नग अण्डा का विक्रय कर 174480 रुपये का लाभ कमा चुका है, प्रतिदिन 500 से 530 अण्डा का उत्पादन किया जा रहा साथ ही हास्टल, हॉस्पिटल गावं में अण्डा विक्रय कर महिलाएं अतिरिक्त आय कमा रही है।










# महर्षि वाल्मिकी ने मन के शुद्धिकरण का कार्य किया: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महर्षि वाल्मिकी ने मन के शुद्धिकरण का कार्य किया। उन्होंने रामायण की रचना की और पूरी दुनिया को परिचित कराया, इसके माध्यम से समाज को बताया कि एक पिता-पुत्र का, भाई का भाई के प्रति और पति-पत्नी का क्या कर्तव्य है। महर्षि वाल्मिकी जैसे कई महापुरूष हमारे देश में जन्में जिन्होंने समाज को सद्मार्ग का रास्ता दिखाया। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। वे राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय वाल्मीकी समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी समाज द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम पहली बार आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए समाज के पदाधिकारीगण बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वाल्मिकी समाज स्वच्छता का कार्य करते हैं। यह पुण्य का कार्य है। स्वच्छता का अर्थ ही पवित्रता का है। यदि शरीर, मन के साथ आसपास के वातावरण में स्वच्छता रहेगी, तो हम स्वस्थ रहेंगे।

श्री बघेल ने कहा कि समाज में शिक्षा से जागृति आती है, इसलिए हमारी सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल योजना की शुरूआत की, जिसके माध्यम से गरीब से गरीब परिवार का बच्चा उत्कृष्ट और अंग्रेजी में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बाद विवाह की जिम्मेदारी आती है, इसलिए हमने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए राशि बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी है। हमने राम वन गमन पर्यटन परिपथ का कार्य कर रहे है। तुरतुरिया आश्रम में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, भवन सन्र्िमाण कर्मकार मण्डल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल और वाल्मिकी समाज के पदाधिकारीगण और समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खास खबर...



### विधायक-महापौर ने किया सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर ( ए )।** विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा अपने क्षेत्र के लिए काफी सक्रिय रहते हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से कार्य स्वीकृत कराकर समस्त उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सड़को का डामरीकरण कर क्षेत्र में रौनकता बढ़ा दी है। विधायक जुनेजा ने रविवार को इंदिरा गांधी वार्ड नहरपारा में महापौर एजाज ढेबर और पार्षद व एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावर के साथ 70 लाख के सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन किया।

विधायक जुनेजा व पार्षद सुरेश चन्नावर के प्रयासों से नहरपारा की सड़के 12-13 फुट से अब 30 फुट चौड़ी हो गई है। डामरीकरण के बाद यह सड़क 70- 80 मीटर तक कवर की जाएगी। इसके लिए क्षेत्रवासियों ने विधायक जुनेजा को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महापौर एजाज ढेबर,पार्षद एम आई सी सदस्य सुरेश चन्नावार, पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, स्वतंत्रता सेनानी धमेंद्र पंड्या, समीर पारेख, मोहम्मद अबीर, आनंद खूबचंदानी, आर के जोशी, अरुण जघेल, राहुल श्रीवास्तव, राजेंद्र जग्गी, संतोष मिश्रा, राजेश बगेल, डॉ एस पी विश्वकर्मा, मनीष टांक, मनोहर कुरसीजा, राजेंद्र जांघेंल, राहुल जांघेंल, पिंटू माली सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस: बालश्रम की रोकथाम हम सबकी जिम्मेदारी: भूपेश बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस 12 जून की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि बच्चों में असीम संभावनाएं होती हैं। उन्हें संवरने के लिए खुला आसमान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, सुरक्षा, खुशहाल जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आगे बढ़ने के अवसर पर बच्चों का भी समान अधिकार है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का उद्देश्य बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। बाल श्रम के प्रति विरोध दर्ज करने के साथ लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि छोटे बच्चों को काम में न लगाएं, न ही किसी को लगाने दें। बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार, हिंसा या मजदूरी करते पाए जाने पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना देकर बच्चों का भविष्य बचाने में सहयोग करें।

### शिक्षित बेरोजगारों के लिए कल होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 13 जून को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालाय में प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से Pinea Matering Lab & Robo Automation Pvt. Ltd.,PNG Products, CR Capital, Zeni& Naukri & Consultancy इत्यादि संस्थानों द्वारा भर्ती की जाएगी। कैम्प में 12 वीं, स्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा, इंजीनियरिंग शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भर्ती किए जाने वाले पदों में इंजीनियर, क्लस्टर हेड, सेल्स मैनेजन, टेर्क्निशयन, ड्राइवर, डिलीवरी बाय, एंकाउटेंट, रिशेप्सनीस्ट, आपरेशन हेड, डिजिटल मैनेजर, टेलीकालर, हिन्दी टायपिस्ट, विडियो एडिटर इत्यादि 129 पद शामिल है। इन पदों पर अनुभव न्यूनतम 01 वर्ष से 20 वर्ष तक होगी जिनका वेतन अधिकतम 45 हजार रूपए होगी।

# जी-20 कॉन्क्लेव श्रम संबंधी मुद्दों के लिए मील का पत्थर साबित होगा: राज्यपाल हरिचंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन बिलासपुर में आयोजित जी-20 लेबर 20 कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। यह कार्यक्रम भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के सहयोग से नेशनल फ्रंट ऑफइंडियन ट्रेड यूनियन (एनएफआईटीयू) द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य भवन एवं अन्य सन्निर्माण मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल उपस्थित थे।



राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि यह पूरे भारतवासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। जिसका थीम ''एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'' रखा गया है। यह ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की अवधारणा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि वैश्विक चिंता के श्रमिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यहां प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, उद्योगों, सरकारी संगठनों, ट्रेड यूनियन संगठनों, एनजीओ और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुई है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में विचार विमर्श के बाद आये सुझाव, अंतिम जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सार्थक सिद्ध होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह जी-20 कॉन्क्लेव वैश्विक चिंता के श्रम संबंधी मुद्दों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और इससे हमारे श्रम बल को लाभ होगा।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को ''चावल का कटोरा'' के रूप में जाना जाता है, भारत के खनिज समृद्ध राज्यों में से एक है, जिसमें प्रचुर मात्रा में वन संसाधन, पर्याप्त श्रम शक्ति और अच्छी जलवायु है। आज बेरोजगारी, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय की समस्या हम सबके लिए चिंता का विषय है। बेरोजगारी हमारे समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों का मूल कारण है।

उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए एनएफआईटीयू के पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर लेबर 20 कॉन्क्लेव के संयोजक डॉ. दीपक जायसवाल, गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति डॉ. आलोक चक्रवाल सहित अन्य श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी : अनिला भेंड़िया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाल श्रम अपराध की श्रेणी में आता है इसलिए अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए बच्चों का जीवन दांव पर न लगाएं। बच्चे समाज और देश का भविष्य होते हैं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम, बाल तस्करी के कई मामले आज भी सामने आते रहते हैं। लोग कल-कारखानों सहित अपने घर-दुकानों में भी छोटे-छोटे बच्चों से काम करवाने लगे हैं। इस दौरान बच्चों से दुर्व्यवहार और हिंसा की कई घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से ऐसा काम लेना जो उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए असुरक्षित हो, कानूनन अपराध है।

सरकार ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करती है, लेकिन इसके लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना जरूरी है। बच्चों के प्रति किसी भी प्रकार के अवैधानिक नियोजन, हिंसा, अपराध और दुर्व्यवहार की घटनाओं के प्रति सजग और सतर्क रहें और इसकी सूचना पुलिस, चाइल्ड लाइन, महिला बाल विकास विभाग या प्रशासन तक पहुंचाएं। बच्चों के प्रति हमारी संवेदनशील सोच ही देश-प्रदेश का भविष्य तय करेगी।

# छत्तीसगढ़ में समय पर मानसून आने की संभावना: मौसम विभाग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ( ए )।** इस वर्ष मानूसन की रफ्तार पिछले वर्षों की तुलना में तेज आंकी जा रही है, जोकि दक्षिणी हिस्से कर्नाटक, आंध्रप्रदेश सहित पूरे दक्षिण पश्चिमी हिस्से को कवर करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं, बंगाल की खाड़ी से भी उत्तरपूर्वी हिस्से को कवर करते हुए मानसून का प्रवेश शुरू हो गया है और बिहार में भी इस बार जल्दी मानसून के पहुंचने के आसार हैं। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ में दक्षिण और उत्तर दोनों ही क्षेत्रों में इस बार मानसून का प्रवेश एक साथ होना बताया जा रहा है।



### छत्तीसगढ़ के उत्तर पश्चिमी हिस्से पर पड़ेगा असर

चूंकि मानसून एक सप्ताह विलंब से आया है, इसलिए इसके छत्तीसगढ़ के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में 19-20 जून के आसपास पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, गुजरात में आए तूफान का असर भी छत्तीसगढ़ में देखने को मिलेगा और 14 जून से दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में अंधड़ चलने की संभावना भी जताई जा रही है।

इसी बीच प्री मानसून की बारिश बस्तर संभाग में शुरू हो गई है। दंतेवाड़ा में एक सेमी की बारिश रविवार को दर्ज की गई। हालांकि सोमवार और मंगलवार को तापमान में कुछ विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं, प्रदेश में ज्यादातर जगहों पर बादल छाए रहने की संभावना है। साथ ही एक से दो स्थानों में वज्रपात और बारिश होने के आसार हैं।

गुजरात तट से टकराए बिपरजाय तूफान का असर दक्षिणी पश्चिमी छत्तीसगढ़ में पड़ने के आसार बन रहे हैं। इसकी वजह से कोरिया, कवर्धा, बिलासपुर सहित अन्य कई हिस्सों में 14 जून से अंधड़ चलने की संभावना जताई जा रही है। इसकी वजह से तापमान में गिरावट होने के साथ लोगों को गर्मी से राहत मिलनी शुरू हो जाएगी।

### मध्य में देरी से पहुंच सकता है मानसून

मानसून की रफ्तार वर्तमान में काफी तेज है, लेकिन 16-17 जून से इसकी रफ्तार में कमी आने की आशंका मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी एपी चंद्रा के अनुसार मानसून उत्तर और दक्षिण दोनों ही ओर से आ रहा है। लेकिन बाद में रफ्तार धीमी होने के कारण मध्य छत्तीसगढ़ के हिस्से में उत्तर और दक्षिण की तुलना में विलंब से पहुंचना तय है।

# सीएम बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ा: कुमारी सैलजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ( ए )।** कांग्रेस के संभागीय सम्मेलनों की श्रृंखला में रायपुर संभाग का सम्मेलन रविवार को बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चंरण दास महंत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रभारी डॉ. चंदन यादव, संयुक्त सचिव विजय जांगिड की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि मैं झीरम घाटी के शहीदों को नमन करती हूं। रायपुर संभाग के संभागीय सम्मेलन में ब्लाक से सब आये है। 3 बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हिम्मत नहीं हारी, कांग्रेस पार्टी का फौज हमारे कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी है, तिरंगे की फौज है कांग्रेस पार्टी भारत का संघर्ष है। आप सबने जमीनी स्तर तक लड़ाई लड़ी तब 2018 में कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल की सरकार बनी। 15 साल भाजपा की सरकार रही और 15 साल भाजपा को देखे है किसी भी बात पर बरगला कर झूठ बोल कर सरकार बनायी।

पिछली बार हमारी सरकार बनी थी 68 सीटे लेकर आये और अभी 71 सीटे है आप सभी कांग्रेसजनों की मेहनत रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ा है। भाजपा ने 15 साल में समाज को बाट दिया था। सभी वर्गो और समाज को हमने जोड़ने का काम किया है। भाजपा के पास कोई मुद्दा बचा ही नहीं। कांग्रेस सरकार ने संस्कृति को धरोहर को सुदृढ़ किया। सच्चाई कांग्रेस पार्टी के साथ है दोबार हम छत्तीसगढ़ में फिर से सरकार बनायेंगे। भाजपा ने 15 साल तक भ्रष्टाचार फैलाया। भाजपा ने ईडी, इनकम टैक्स सब को लाकर बैठा दी है। जनता को भ्रमित करना चाहेगी जनता भ्रमित नहीं होगी। जो हमारी योजनायें चल रही है जिससे जनता खुश है हम उनके नाम से वोट मांगेगे। धान की कीमत की बात यहां नहीं पूरे देश में छत्तीसगढ़ की बात हो रही है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्या आपकी त्वचा भी हो गई है रूखी और बेजान तो आज ही करें एलोवेरा का इस्तेमाल

एलोवेरा एक पौधा है जिसके पत्तों से एलोवेरा जेल निकाला जाता है, जिसे ब्यूटी के लिए विशेष रूप से उपयोग किया जाता है। यह एक प्राकृतिक उत्पाद है जिसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो हमारी त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद होते हैं। नीचे दिए गए हैं एलोवेरा के कुछ मुख्य फायदे:



### त्वचा को मॉइस्चराइज़ करता है

एलोवेरा में पाए जाने वाले पोषक तत्व त्वचा को आपूर्ति प्रदान करते हैं और उसे मॉइस्चराइज़ करते हैं। इससे त्वचा मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बनती है।

### त्वचा की सुरक्षा करता है

एलोवेरा त्वचा के लिए प्राकृतिक रूप से एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। इससे यह त्वचा को संक्रमण से बचाने में मदद करता है और त्वचा की सुरक्षा बढ़ाता है।

### चेहरे के दाग धब्बों को कम करता है

एलोवेरा दाग धब्बों को कम करने में मदद करता है और चेहरे की त्वचा को साफ और गोरा बनाता है। इसे नियमित रूप से लगाने से चेहरे पर निखार आता है और त्वचा बेदाग और सुंदर दिखती है।

### बालों के लिए फायदेमंद है

एलोवेरा बालों को मजबूती और चमक देता है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और उन्हें ताजगी और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है।

### सूर्यताप के लिए रक्षा करता है

एलोवेरा त्वचा की रक्षा करता है और त्वचा को सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभावों से बचाता है। इसके नियमित उपयोग से त्वचा सूर्य के प्रभावों से प्राकृतिक रूप से सुरक्षित रहती है।

एलोवेरा एक प्राकृतिक उपाय है जो त्वचा और बालों की देखभाल के लिए अत्यंत फायदेमंद है। इसे नियमित रूप से उपयोग करके आप एक स्वस्थ और सुंदर दिखने वाली त्वचा प्राप्त कर सकते हैं।

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक उत्पाद है जो एलोवेरा पौधे के पत्तों से प्राप्त किया जाता है। यह जेल त्वचा और बालों के लिए कई गुणों से भरपूर होती है। नीचे दिए गए हैं एलोवेरा जेल के कुछ मुख्य फायदे:

### त्वचा की देखभा

एलोवेरा जेल त्वचा को गहरे से मोइस्चराइज़ करती है और उसे पोषण प्रदान करती है। इससे त्वचा नर्म, चमकदार और स्वस्थ बनती है। यह त्वचा के डैमेज को कम करने में मदद करती है और त्वचा को ताजगी और उज्ज्वलता प्रदान करती है।

### संक्रमण से बचाव

एलोवेरा जेल में प्राकृतिक रूप से एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। इससे छाले, घाव, या छोटी-मोटी कटाईयों की सुरक्षा बढ़ती है और उनका शीघ्र इलाज होता है।

### सूखी त्वचा के लिए उपयोगी

एलोवेरा जेल त्वचा को ताजगी और पौष्टिकता प्रदान करके सूखी त्वचा को नमी देती है। यह रूखेपन, खुजली, और त्वचा के उपद्रवों को कम करने में मदद करती है।

### बालों के लिए फायदेमंद

एलोवेरा जेल बालों को मजबूत और चमकदार बनाती है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और उन्हें मुलायम और ताजगी प्रदान करती है। इसका नियमित उपयोग बालों को घना, लंबा और सुंदर बनाने में मदद करता है।

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक साधारित उत्पाद है जो त्वचा और बालों के लिए बहुत उपयोगी है। इसे नियमित रूप से उपयोग करने से आप त्वचा और बालों की देखभाल में सुधार देखेंगे।

# मस्तराम फेम केनिशा अवस्थी के बोल्ड लुक ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



मस्तराम वेब सीरीज में इंटिमेट सीन्स का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरों के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपने लुक्स फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोगों की आखें खुली की खुली रह जाती हैं। हाल ही में केनिशा अवस्थी ने अपने बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी हमेशा अपनी बोल्डनेस और सेक्सी अंदाज के कराण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की ब्रालेट और डेनिम शॉर्ट्स पहना हुआ है। केनिशा अवस्थी अपने इस लुक में परफेक्ट टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अपने बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चले कि एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कॉमेंट्स और लाइक्स करते हैं। एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो पहली बार हंसमुख वेब सीरीज में नजर आई थीं। इसके बाद केनिशा एमएक्स प्लेयर की सबसे बोल्ड सीरीज मस्तराम में दिखाई दी।

# ये करते हैं जज रैप सॉन्ग समाज के दोहरे मानकों की बात करता हैं: शर्लिन चोपड़ा



एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा का कहना है कि उनका रैप सॉन्ग ये करते हैं जज समाज के दोहरे मानकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। कहा जाता है कि यह गाना निरंतर और लगातार कड़े निर्णय पर आधारित है, जो एक्ट्रेस को अपने अपरंपरागत करियर और जीवन विकल्पों के कारण झेलना पड़ा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनका रैप सॉन्ग कोई चौंकाने वाला खुलासा करेगा, 34 वर्षीय एक्ट्रेस ने जवाब दिया, यह आपको पता लगाना है! मेरा अपकमिंग रैप सॉन्ग हमारे समाज के दोहरे मानकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह आसान नहीं है। खुद पर विश्वास करना आसान नहीं है।

मेरे रैप म्यूजिक वीडियो का मूल खुद पर विश्वास के साथ जीवन को बेहतरीन बनाने पर आधारित है। रैप गाने के बारे में जानकारी साझा करते हुए, शर्लिन कहती हैं, रैप गाना जिसे मुंबई के बाहरी इलाके में शूट किया गया है, स्पीड और स्वैग के साथ मुझे यकीन है कि यह युवाओं द्वारा बेहद पसंद किया जाने वाला है! मैंने रैप सॉन्ग और इसके म्यूजिक वीडियो में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है! मैं इस रैप सॉन्ग के लिए फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन का पालन कर रही हूं।

# फलों का सेवन करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, पहुंचा सकता है नुकसान



फल संतुलित आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। ये कैलोरी में कम होने के साथ-साथ कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। हालांकि, फल शरीर के लिए तभी फायदेमंद होते हैं, जब उन्हें सही तरीके से खाया जाए। अगर आप जल्दबाजी में फल खाते हैं तो इससे न सिर्फ उन्हें पचाने में दिक्कत होती है, बल्कि उनसे भरपूर पोषण भी नहीं मिल पाता है। इसी तरह फलों का सेवन करते समय आपको इन 5 गलतियों से भी बचना चाहिए।

### रात के समय फल खाना

अगर आप उन लोगों में से एक हैं, जो रात में भूख लगने पर फल खाना सही समझते हैं तो आपको बता दें कि ऐसा करना गलत है। सूर्यास्त से पहले फलों का सेवन करना सबसे अच्छा होता है क्योंकि रात में पोषक तत्वों को ग्रहण करने और अवशोषित करने की हमारी क्षमता बहुत कम हो जाती है। सोने से तुरंत पहले फलों का सेवन नींद को भी रोक सकता है क्योंकि यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ा देते हैं।

### तुरंत पानी पी लेना

फल, खासकर तरबूज, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे पानी से भरपूर फल, खाने के तुरंत बाद पानी पीने से पाचन क्रिया पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल, बहुत सारे पानी वाले फल पेट की अम्लता को कम करके पीएच संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे हैजा या दस्त सहित घातक संक्रमण होने की संभावना बढ़ सकती है।

### फलों का गलत कॉम्बिनेशन

मीठे और खट्टे फलों को एक साथ खाने से बचना चाहिए। हमेशा मीठे फलों के साथ मीठे फल और खट्टे फलों के साथ खट्टे फल खाएं क्योंकि प्रत्येक प्रकार के फल आपके पेट में एक अलग पाचक रस का उत्पादन करते हैं। इसी तरह खरबूजे को किसी भी अन्य फल के साथ नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसे ढंग से पचाना पाचन क्रिया के लिए मुश्किल हो जाता है। इस लेख के जरिए तरबूज और खरबूजे के बीच का अंतर जानें।

### खाने के तुरंत बाद फल खाना

खाने के बाद मीठे फल खाना आपको बहुत लुभा सकता है, लेकिन ऐसा करने से पाचन पर बुरा असर पड़ता है। फलों की मिठास खाने के प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्वों के साथ मिलकर पाचन धीमा कर देती है, जिससे अतिरिक्त तनाव के कारण पेट में दर्द हो सकता है। खाना खाने के 30 से 60 मिनट के बाद फलों का सेवन करना सही माना जाता है।

### दूध के साथ फल खाना

अगर फ्रूट मिल्कशेक आपकी पसंदीदा ड्रिंक्स में से एक है तो इस आदत को बदलने का समय आ गया है। फलों और दूध में अलग-अलग पोषक तत्व होते हैं, इसलिए इन्हें पचने के लिए अलग-अलग समय की आवश्यकता होती है। दूध की तुलना में फल अधिक तेजी से पचते हैं, इसलिए दोनों को मिलाने से फलों की मिठास पेट में जाकर गैस, सूजन और अपच जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है।

## ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी भूमि पेडनेकर और नवाजुद्दीन की अफवाह



नवाजुद्दीन सिद्दीकी और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म अफवाह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित, राजनीतिक थ्रिलर का उद्देश्य अफवाह फैलाने वालों को कम करना और नकली समाचारों के प्रसार से निपटना है। अफवाह सिनेमाई रूप से समृद्ध है और इसमें एक मनोरंजक कहानी भी शामिल है। फिल्म में राजनीतिक शक्ति, मीडिया का काला पक्ष, भ्रष्टाचार और लोभ जैसे तत्वों को दर्शाया गया है। इन विषयों को निर्देशक सुधीर मिश्रा ने उपदेशात्मक न होते हुए बहुत सूक्ष्म तरीके से आत्मसात किया है। फिल्म में अप्रत्याशित मोड़ और मोड़ निश्चित रूप से दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे और यह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर शुरू होने वाली है। फिल्म में, दर्शकों को शमीर टंडन द्वारा रचित और मामे खान और सुनेत्रा बनर्जी द्वारा गाए गए एक अत्यंत आत्मा-उत्तेजक गीत आज ये बसंत से भी अवगत कराया गया है। यह गाना ट्रेलर के सार को पकड़कर फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाता है। इसमें एक अफवाह का नतीजा बताया गया है जिसमें भूमि पेडनेकर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी पूरे शहर के निशाने पर आ जाते हैं। अफरा-तफरी के बीच जीवन-मौत से जूझ रहे हैं। संगीत निर्देशक शमीर टंडन ने कहा, सुधीर ने मुझे इस गीत के लिए इसलिए चुना क्योंकि उन्हें बहुत अधिक गंभीरता और गहराई वाले गीतों की आवश्यकता थी और वे जानते थे कि मैं इसे अच्छी तरह से कर पाऊंगा। मैंने मामे खान से इसे कुछ स्वाद देने के लिए अपनी आवाज देने के लिए कहा। मैंने उनसे पूरी फिल्म में आलाप भी करवाए, इसलिए फिल्म की पृष्ठभूमि विशेष रूप से मंत्रमुग्ध करने वाली है। मैं इस अविश्वसनीय और प्रेरक फिल्म की पटकथा सुनने और शीर्षक ट्रैक- आज ये बसंत की रचना करने के लिए अत्यधिक उत्साहित था। इस प्रकार की फिल्में पारंपरिक प्रेम गीतों या पार्टी ट्रैक्स से प्रस्थान की मांग करती हैं। संगीत को बुद्धिमत्ता के साथ पेश किया जाना था, फिल्म की कहानी को पूरक और बढ़ाने के लिए सावधानी से तैयार किया गया था।

## रणबीर कपूर की एनिमल का प्री-टीजर जारी, एक्शन अवतार में नजर आए अभिनेता

रणबीर कपूर पिछले काफी समय से अपनी फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसमें रणबीर का एकदम अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म से अभिनेता का पहला लुक सामने आने के बाद से ही प्रशंसकों में इसको लेकर उत्सुकता थी। ऐसे में अब संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का प्री-टीजर जारी हो गया है, जो एक्शन से भरपूर है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने रणबीर की एनिमल का प्री-टीजर ट्विटर पर साझा किया है। प्री-टीजर की शुरुआत चेहरे पर मास्क और हाथ में कुल्हाड़ी लिए लोगों के साथ होती है, जिसके बाद पंजाबी गाना बजता है और रणबीर उनकी ओर आते हुए दिखाई देते हैं। इसके बाद बड़े बाल, दाढ़ी, सफेद कुर्ता और लुंगी पहने अभिनेता जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आते हैं, वहीं पंजाबी गाना इसे और भी शानदार बना रहा है। एनिमल एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो कबीर सिंह के बाद संदीप के निर्देशन में बनी उनकी दूसरी हिंदी फिल्म होगी। एनिमल को भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स के तहत बनाया जा रहा है। इसमें रणबीर के साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी तो अनिल कपूर, तृप्ती डिमरी और बॉबी देओल भी शामिल हैं। फिल्म 11 अगस्त को हिंदी सहित तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम में रिलीज होगी। एनिमल की कहानी को लेकर अभी निर्माताओं की ओर से ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। रणबीर ने फिल्म के बारे में कहा था, यह मेरे लिए एक नया क्षेत्र है। यह क्राइम-ड्रामा और बाप-बेटे की कहानी है। यह कुछ ऐसा है, जिसकी दर्शकों ने मुझसे उम्मीद नहीं की होगी। मेरी किरदार ग्रे शेड है।

## गिप्पी ग्रेवाल ने बताया क्यों कैरी ऑन जट्टा 3 को देखते हैं पैन इंडिया की तरह

पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल इन दिनों सोनम बाजवा के साथ अपनी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। अभिनेता यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी फिल्म भारत ही नहीं विदेशी दर्शकों तक भी पहुंचने में सफल रहे हैं। अभिनेता 29 जून को रिलीज हो रही कैरी ऑन जट्टा 3 को पैन इंडिया फिल्म के रूप में देखते हैं और चाहते हैं कि पंजाबी फिल्में दुनिया भर में अपनी पहुंच बनाए। कैरी ऑन जट्टा 3 कॉमेडी फिल्म है, जिसके पहले दोनों भागों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था और ऐसे में सभी ब्रेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर मुंबई में आमिर खान और कपिल शर्मा की मौजूदगी में लॉन्च हुआ था, जिससे यह पंजाब के बाहर ट्रेलर लॉन्च करने वाली पहली पंजाबी फिल्म बन गई थी। इस दौरान सितारों ने कहा था कि इस फिल्म को दुनिया भर में ले जाना चाहते हैं।

गिप्पी ने बताया कि क्यों वह कैरी ऑन जट्टा 3 को एक पैन इंडिया फिल्म के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, कोई भी फिल्म जिसे हम एक बड़े मंच पर लाते हैं, उसमें पैन इंडिया स्तर का कुछ खास होना चाहिए, जो दर्शकों को भा जाए। उन्होंने कहा, कैरी ऑन जट्टा 1 ने अपनी अलग पहचान बनाई, इसलिए दूसरा भाग दुनिया के हर पंजाबी तक पहुंचा और गैर-पंजाबी दर्शकों ने इसे पसंद लिया। गिप्पी और निर्माता तीसरे भाग को पूरे भारत में रिलीज करना चाहते थे। गिप्पी ने कहा, हमने महसूस किया कि गैर-पंजाबी भाषी दर्शक या भारत के बाहर के दर्शक हमारी फिल्म को ऑनलाइन ही देखते थे। हमारा सिनेमा दिन-ब-दिन आगे बढ़ रहा है और हम चाहते हैं कि यह और भी बड़ा हो। ऐसे में हम एक बड़ी पंजाबी फिल्म चाहते थे और अगर लोगों ने किसी पंजाबी फिल्म के बारे में सुना हो तो वो हमारी फिल्म होनी चाहिए। गिप्पी ने कहा, फिल्म के दूसरे और तीसरे भाग के बीच 5 साल का अंतर है। इन 5 वर्षों में हमने इसे बड़ा बनाने और दृश्यों में सुधार करने के लिए सब कुछ किया है, लेकिन ध्यान में रखा है कि हम अपने स्वाद को न जाने दें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### रेलवे ने किया समपार फाटक जागरूकता अभियान का आयोजन




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 11 जून को संरक्षा अधिकारियों, संरक्षा सलाहकारों एवं सिविल डिफेंस वोलैंटियर के द्वारा रायपुर स्टेशन, भाटापारा स्टेशन , तिल्दा स्टेशन, बिल्हा स्टेशन, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस स्टेशन एवं विभिन्न समपार फाटकों जैसे बिल्हा गेट, तिल्दा गेट, खुर्सीपार गेट एवं भाटापारा के नजदीक तथा भिलाई के आसपास का गेट सहित कुल 9 समपार फाटकों में तथा इसके अलावा तिल्दा पेट्रोल पंप, भाटापारा पेट्रोल पंप सहित 4 पेट्रोल पंप में जाकर लोगों को पंपलेट वितरण करके, स्टीकर चिपका कर एवं बैनर लगाकर समपार फाटकों पर लोगों को सही तरीके से पार करने एवं इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया साथ में लोगों की काउंसिलिंग भी की गई एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया जा रहा है ।

### केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय इस्पात राज्य एवं ग्रामीण विकास मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को गिनाया। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम



पंचायत पंतोरा से होकर गुजरने वाली भारत माला सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत माला परियोजना के अधिकारी और प्रशानिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और समय पर काम खत्म करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा की दोनों तरफहमारी खेती की जमीन है और सड़क की उंचाई अधिक है। जिससे आने- जाने में समस्या हो रही है। मौके पर ही अंडरब्रिज निर्माण करने को निर्देशित किया गया। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में 69 एयरपोर्ट थे इन 9 सालो के अंदर 148 एयरपोर्ट बन चुके हैं जिसका लोकार्पण कर प्रधानमंत्री जी ने लोगो को समर्पित किया है। बंदरगाह को विस्तारित किया है, ट्रेन मार्ग का भी विस्तार किया, देश को बुलेट ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल में देश को आगे बढ़ाने में काम किया है।

### बीजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले ओम माथुर- वरिष्ठों के आशीर्वाद से बनेगी भाजपा की सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा की ओर से महासंपर्क अभियान के बीच रायपुर में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकताओं के आशीर्वाद से ही भाजपा की सरकार बनेगी। अपनी पीढ़ी के कार्यकर्ताओं से मिलना बेहद सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि जो काम किसी ने सोचा तक नहीं था वह मोदी सरकार ने कर दिखाया। वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में माथुर से कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कामों को अपना बताकर भूपेश बघेल सरकार झूठा श्रेय ले रही है। नेताओं ने रायपुर ग्रामीण जिला के धरसीवां विधानसभा में आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सभी के सुझाव और पुरानी यादों को सुना, कार्यक्रम उपरांत सभी ने एक साथ भोजन भी किया। माथुर ने कहा भाजपा एक व्यक्ति एक परिवार ने नही बनाई इसे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी आप जैसे लाखों- करोड़ों कार्यकर्ताओं ने बनाया है। बैठक के दौरान हारमोनियम पर पद्मश्री मदन चौहान ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत के साथ चना के दार राजा... गीत सुनाकर महफ्लि जमा दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहे।

#### अब बेवजह नहीं खड़ी होगी ट्रेनें

# ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली बढ़ाएगी ट्रेनों की रफ्तार

### इस नई तकनीक से एक सेक्शन में एक साथ एक से अधिक ट्रेनें हो रही हैं परिचालित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर(पीआईबी)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर ही आधुनिक एवं सुविधायुक्त तकनीकी का उपयोग कर यात्री सुविधाओं के साथ अधिक से अधिक ट्रैफिक के लिए प्रयासरत है। इस आधुनिक एवं उन्नत तकनीक के अंतर्गत बेहतर परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए परंपरागत सिग्नलिंग सिस्टम को अपग्रेड कर आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में परिवर्तित किया जा रहा है । ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के साथ ही ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने के व प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है।



ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लगने से ट्रेनों को बेवजह कहीं भी खड़ी नहीं होना पड़ेगा। इसके चलते एक ही रूट पर एक के पीछे एक ट्रेन बिना लेट हुए आसानी से चल सकेगी। इसके साथ ही इसके कई लाभ हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नागपुर से दुर्ग तक की सेक्शनल स्पीड बढ़ाकर राजधानी रूट के समकक्ष 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की जा चुकी है ।

ऑटोमेटिक सिग्नल से रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ सकेगी। वहीं कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाएगा। यानी एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहेंगी। अगर आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी। जो ट्रेन जहां रहेंगी, वहीं रुक जाएंगी।

पहले जहां दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी वहीं ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार 2, 3 या 4 ट्रेने भी आ सकती है। औसतन एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के बीच की दूरी 12 से 15 किलोमीटर तक होती है। ट्रेन को यह दूरी तय करने में 15 मिनट का समय लगता है। पहले गई ट्रेन के पीछे 15 मिनट के बाद दूसरी ट्रेन चलाई जाती है। रेलवे इस समय को कम कर सात से आठ मिनट करने जा रहा है। जिससे वर्तमान समय में चलने वाली ट्रेन दोगुनी ट्रेनें चलाई जा सकें। रेलवे इसके लिए दो स्टेशन के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लगाने जा रहा है। बीच के सिग्नल को पार करते ही पीछे से दूसरी ट्रेन चला दी जाएगी। इससे 15 मिनट के स्थान पर सात से आठ मिनट में ही दूसरी ट्रेन चलाई जा सकती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के कलमना से दुर्ग (265कि.मी.), जयरामनगर - बिलासपुर - बिल्हा (32 कि.मी.) और बिलासपुर - घुटकू (16 कि.मी.) सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग प्रणाली अपनाया जा चुका है। निकट भविष्य में चांपा से गेवरारोड,जयरामनगर से अकलतरा एवं बिल्हा से निपनिया तक ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान किया जाएगा। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर परंपरागत सिग्नलिंग सिस्टम तथा ट्रेन परिचालन के एबस्ल्युट ब्लॉक सिस्टम के स्थान पर विभिन्न सेक्शन में आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम लागू किए जाने का कार्य किया जा रहा है ।

## भर्ती परीक्षा:471 अभ्यर्थी में 209 परीक्षा देने पहुंचे ही नहीं सेंटर



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़ । बस्तर और सरगुजा संभाग में शिक्षकों के लिए व्यापमं की ओर से शनिवार को परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें दो पालियों में 16 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। उसके दूसरे दिन कॉमर्स व्याख्याता की परीक्षा रविवार को व्यापमं के द्वारा आयोजित की। सोमवार को भी अन्य संकाय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए रायगढ़ में 3 सेंटर बनाए गए थे, जिसमें 471 अभ्यर्थी में 209 अनुपस्थित रहे। वहीं 262 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। सामान्य वर्ग के लिए एक भी सीट नहीं थी। इसमें बीएड के साथ पीजी कर चुके अभ्यर्थियों को पात्रता दी गई थी। कम लोगों ने एग्जाम दिया। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न पेपर बहुत कठिन थे। अलग-अलग विषयों के व्याख्याताओं के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स विषय शामिल है। इसके लिए भी जिले के शहरी क्षेत्रों के अलावा गांवों में सेंटर बनाए गए हैं। डिग्री कॉलेज से इस परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। लीड कॉलेज डिग्री कॉलेज को को-आर्डिनेशन सेंटर बनाया गया है। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा था।

राज्य शासन से विभिन्न पदों की भर्तियां व्यापमं और सीजीपीएससी के माध्यम से होने जा रही है। शनिवार और रविवार को शिक्षक व सहा. शिक्षक के साथ विभिन्न संकाय के व्याख्याताओं की परीक्षा आयोजित की गई थी। लेबर इंस्पेक्टर की परीक्षा 18 जून को व्यापमं के द्वारा ली जानी थी, जिसे संशोधित करते हुए अब यह परीक्षा 24 को आयोजित की जाएगी। 34 पदों की भर्ती के लिए रायगढ़ जिले को सेंटर बनाया है।

## प्यार बटोरने का समारोह:बार रूम में सीनियर से चर्चा कर सीखें : जस्टिस प्रशांत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। मैं रायगढ़ की माटी को प्रणाम करता हूं। मेरी जो भी उपलब्धि है, वह रायगढ़ बार और इसके एक-एक सदस्य की उपलब्धि है। यहां मिलने वाला प्रेम पद और प्रतिष्ठा से ऊपर और अलग है। यहां अपनों के बीच आकर अपनत्व लगता है। यह मेरा अभिनंदन समारोह नहीं है, बल्कि लोगों से प्यार बटोरने का समारोह है।



जिला कोर्ट परिसर देखकर मुझे वे सारी गलियां याद आ गईं जहां से मैंने वकालत की शुरुआत की थी। मुझे याद आ रहा है कि पिता अधिवक्ता बंशीधर मिश्रा के साथ स्कूटर पर बैठकर पहली बार कोर्ट आया था। सितंबर 1987 में पक्षकार से पहली कमाई के रूप में 10 रुपए मिले थे। यहां मैंने दो साल वकालत की।

शहर के लोगों ने हमेशा मुझे पलकों पर बैठाकर एक बेटे की तरह प्यार दिया। स्नेह की जो डोरी रायगढ़ ने बांधी है, उससे अलग होना नामुमकिन है। ये बातें जिला अधिवक्ता संघ के सम्मान समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहीं। शनिवार रात जिला न्यायालय परिसर में हुए कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के साथ रायगढ़ और सारंगढ़ जिले के तहसील स्तर के अधिवक्ता संघ पदाधिकरियों ने बार में कभी अपने साथी रहे जस्टिस प्रशांत मिश्रा को सम्मानित करने और मिलने पहुंचे थे। जस्टिस मिश्रा अपने संबोधन के दौरान रायगढ़ से जुड़ी यादों पर भावुक हुए। जस्टिस मिश्रा ने कहा, मेरी पिता बीडी मिश्रा और माता नलिनी देवी के आशीर्वाद ने मुझे सफ्ल बनाया।

इतिहास को अपने लिए नहीं बल्कि अपनों के लिए भी याद करना पड़ता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने नए वर्ष पर पिकनिक जाने की रायगढ़ बार एसोसिएशन की पुरानी परिपाटी को याद किया। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कहा कि बार रूम के हॉल में वकीलों से चर्चा बहुत कुछ सीखा जाती हैं। जस्टिस मिश्रा ने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी काले कोटधारी (वकील) ने किसी न्यायाधीश को परेशानी में नहीं डाला है। यह अच्छी बात है।

#### मिलेट्स मिशन के अंतर्गत संचालित कैफे रच रहे हैं सफलता का कीर्तिमान

## कोरिया मिलेट्स कैफे ने एक माह में अर्जित किया 2 लाख रुपए का शुद्ध लाभ

- 12 महिलाओं समेत 18 को मिला रोजगार, एक माह में 2 लाख रूपए का लाभ
- लोगों को लुभा रहे हैं मिलेट्स से बने स्वादिष्ट व्यंजन, रीपा केंद्रों में बनाए जा रहे उत्पादों का भी विक्रय




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने और प्रदेश में कुपोषण की दर को कम करने के उद्देश्य से मिलेट मिशन योजना की शुरूआत की गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलेट्स से बने ब्यंजनो को लोगों की थाली तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में मिलेट्स कैफ़े खोले जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया है।

योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक जिले में मिलेट्स कैफे की शुरूआत की जा रही है। योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में भी 10 मई से कोरिया मिलेट्स कैफे का संचालन शुरू किया गया है। संचालन के एक माह के भीतर ही कोरिया मिलेट्स कैफे ने सफ्लता का नया कीर्तिमान रच दिया है। कोरिया मिलेट्स कैफे ने 12 महिलाओं के साथ ही कुल 18 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है और इनके सामुहिक प्रयास से कैफे को एक माह में ही 2 लाख रूपए का शुद्ध लाभ हुआ है।

कोरिया मिलेट्स कैफ़ेकोरिया जिले में ज्वार, बाजरा, रागी, झंगोरा, बैरी, कंगनी, कुटकी (लघु धान्य), कोदो, चेना (चीना), सामा या सांवा, कुटकी और जौ आदि मिलेट से बने लजीज ब्यंजनो जैसे डोसा, चीला, इडली, खीर, गुलाबजामुन, कूकीज, का स्वाद लेने का एक मात्र स्थान है। ये कैफे शुरू होने के पहले दिन से ही लोंगो के लिए आकर्षण का केंद्र बनकर उभरा है । यहां आने वाले उपभोक्ताओं के लिए मिलेट्स के स्वादिष्ट ब्यंजनो के साथ बैठने की बेहतरीन ब्यवस्था, उत्तम सर्विस और सेल्फी प्वाइंट का भी प्रबंध किया गया है। कैफे में सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को म्यूजिक नाईट प्रोग्राम किया जाता है जिसकी वजह से लोग यहां आकर अपनी आउटिंग को मजेदार और खुशनुमा बनाते हैं।

कोरिया मिलेट्स कैफ़े का संचालन रोशनी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। विगत एक माह में समूह ने कैफे का संचालन करते 2 लाख रूपए की आय अर्जित करते हुए भविष्य की नई संभावनाओं को जन्म दिया है। इससे मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को अपने उत्पाद बेचने का स्थान प्राप्त हुआ है तो दूसरी तरफकैफे में कार्यरत लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त होने का एक नया रास्ता भी मिला है।

## मजदूर संघ की बैठक:असंगठित क्षेत्र के कर्मियों की भागीदारी और जॉब सिक्योरिटी एल 20 का उद्देश्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात मजदूर संघ की बैठक भिलाई निवास में हुई। बैठक में 21, 22 और 30 जून को पटना में होने वाले शिखर सम्मेलन पर चर्चा की गई। इसमें 27 देश से 55 प्रतिनिधि और भारत से लगभग 100 प्रतिनिधि शामिल होंगे।




इसकी तैयारियों और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों और महिलाओं की भागीदारी के लिए सामाजिक सुरक्षा और जॉब सिक्योरिटी एल 20 के विषय को लेकर भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और एल-20 के कन्वीनर बी सुरेंद्रन पहुंचे। उन्होंने बैठक में बताया कि एल-20 जी 20 के अंतर्गत ही कार्य करता है। इसमें 11 इंगेजमेंट ग्रुप है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम जगत की समस्याओं और उनके निदान के लिए बना है। इसमें मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा महिला तथा फ्यूचर के लिए जॉब मुख्य विषय है। वर्तमान में भारत में 67त्न असंगठित क्षेत्र के मजदूर काम कर रहे हैं, पर उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

वर्तमान में आउटसोर्सिंग का दौर चल रहा है। उसमें महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य को देखकर रोजगार, रहन सहन, उनके अधिकार और समय पर वेतन पूरा मिले। बैठक में संघ के अध्यक्ष आईपी मिश्रा, महामंत्री रवि शंकर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। सुरेंद्रन ने बताया कि एल-20 एवं बी-20 जो एक इंडस्ट्रियल फैमिली कांसेप्ट है।

एल-20 के कन्वीनर बी सुरेंद्रन ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक तरह का भस्मासुर है। आने वाले समय में अनस्किल्ड कर्मी के लिए कोई जगह नहीं रहेगी। इसलिए लगातार स्किल्ड बढ़ाते हुए कार्य करते रहना होगा तभी लोग आगे बढ़ पाएंगे। सरकारी क्षेत्र में भी कार्यरत कर्मचारियों को भी सामाजिक सुरक्षा अति आवश्यक है।

### समस्या:निगम के नलों से नहीं पहुंच रहा पर्याप्त पानी

**राजनांदगांव।** भीषण गर्मी के बीच शहर के कुछ इलाकों में पेयजल संकट बरकरार है। नगर निगम के नलों से काफी कम समय के लिए पानी दिया जा रहा है वहीं नलों की धार भी पतली होने की शिकायतें सामने आ रही है। शहर के बीच ब्राम्हण पारा क्षेत्र, कौरिनभांठा एवं कई ग्रामीण वार्डों में इस तरह की समस्या है। निगम द्वारा वहां टैंकरों के भरोसे पानी सप्लाई की जा रही है। कुछ दिन पहले ही शहर के लखोली, नंदई एवं अन्य वार्डों में पानी की समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर चक्काजाम भी किया था। मौके पर पहुंचे अफ्सरों के आश्वासन के बाद वार्ड वासियों ने चक्काजाम को स्थगित किया लेकिन अब भी शहर के कुछ हिस्सों में यह समस्या बरकरार है।

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### ब्लू वाटर लेक में नहाने गए तीन लोगों की डूबकर मौत, एक की बची जान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के माना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लू वाटर लेक में नहाने गए ती लोगों की डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। नहाने गए युवक यहां गूगल पर सर्च कर पहुंचे थे। डूबने के बाद दो के शव रविवार रात तक निकाल लिए गए थे। वहीं एक का शव सोमवार की सुबह निकाला गया। इनमें से एक युवक किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहा।

मिली जानकारी के अनुसार बीरगांव, गाजीनगर निवासी नदीम अंसारी, शाहबाज अंसारी, फैजल आजम और असगर अली रविवार दोपहर को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की ओर घूमने निकले थे। एयरपोर्ट के सामने स्थित ब्लू वाटर लेक (खदान) में पानी भरा देखकर चारों नहाने के लिए उतर गए। इन्हें यहां पानी की गहराई का अंदाजा नहीं हुआ और गहराई में चले गए। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में तीन युवक डूब गए। वहीं एक युवक किसी तरह से बाहर निकलने में कामयाब रहा।

घटना की सूचना मिलते ही माना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी। एसडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक लेक में डूबे युवकों की तलाश की। इस दौरान दो युवकों को निकाल लिया गया। अंधेरा ज्यादा होने के कारण रविवार को रेस्क्यू रोक दिया गया। सोमवार की सुबह फिर से तलाश की गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तीसरे युवक का शव भी निकाल लिया गया।

### शादी में सेंधमारीः रिसेप्शन में व्यस्त थी दंपति, चोर ने पर्स से पार कर दिए जेवर

**भिलाई।** सेक्टर 6 सतनाम भवन में शादी कार्यक्रम के दौरान लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। शादी समारोह में बालोद से पहुंची दंपति रिसेप्शन में व्यस्त हो गए और पीछे से उनके बैग में रखे पर्स से सोने चांदी के जेवर चोर ने पार कर दिया। घटना की शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आमापारा बालोद निवासी सत्येन्द्र कुमार महिलांग (40) अपनी पत्नी हीरा के साथ शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। 9 जून को रिसेप्शन हुआ जिसके कारण सभी सतनाम भवन में ही रुके थे। सत्येन्द्र कुमार भी अपनी पत्नी के साथ यहीं रुका हुआ था। उसने अपना पूरा सामान भवन के एक कमरे में रखा था। वहीं उसकी पत्नी हीरा ने हैंड बैग में दो जोड़ी कान की लटकन, दो जोड़ी मंगलसूत्र, एक ब्रेसलेट और एक जोड़ी चांदी की पायल व कुछ नगदी रखा था।

# दुर्ग पुलिस ने की एक दिन में सैकडों बसों की जांच, 38 बसों में खामी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्कूल खुलने से पहले दुर्ग पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार स्कूली बसों की जांच की। दुर्ग यातायात पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 6 जांच शिविर लगाया गया। रविवार को 23 स्कूलों के 262 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान इन बसों में से 38 बसों में खामियां पाई गई। इनसे 50 हजार से ज्यादा का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं खामियों को सुधारने के बाद फिर से जांच कराने का निर्देश दिया गया।

### 50 हजार से ज्यादा का जुर्माना भी किया




स्कूल बसों की जांच के दौरान वाहन का रजिस्टेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। इसके बाद वाहनो का मैकनिकल फिटनेश जांच किया गया जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर एवं वाहन में आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगा है कि नहीं चेक किया गया।

चेंकिग के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप जैसे वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेर्शर हार्न, आपातकालीन खिडकी, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया गया। इसके बाद चालक परिचालक के स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई जिसमें बीपी, शुगर, एवं आंखो की जांच जिला हास्पिटल दुर्ग द्वारा किया गया।

जांच के दौरान यातायात पुलिस विभाग द्वारा बिना फिटनेश 07, बिना परमिट 04, बिना वर्दी 18, बिना अग्नि शमन 02, बिना वायपर 02, बिना रिफ्लेक्टर 06, बिना ब्रेक लाईट 02 कुल 38 स्कूली बसो पर चालान करते हुए 50800 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। चेकिग के दौराना पायी गयी खामियां को 01 सप्ताह में पूर्ण कर पुनः चेक कराने निर्देशित किया गया। इस मौके पर डीएसपी सतीश ठाकुर वाहन चालकों को लापरवाही न करने, कंडक्टर के द्वारा दरवाजे पर खड़ा ना रहने, स्कूल बच्चे को सुरक्षित उतारने चढ़ाने एवं किसी भी प्रकार का नशीली पदार्थ का सेवन ना करने की समझाइश दी गई।

## राजधानी में कोयला कारोबारी के अकाउंटेंट के फ्लैट में चली गोली, अपार्टमेंट में हड़कंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में जेल में बंद कोयला कारोबारी के अकाउंटेंट के फ्लैट में गोली चलने से हड़कंप मच गया है। रविवार को अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की और फरार हो गए। गोली फ्लैट के खिड़की की कांच में लगी। घटना की सूचना के बाद पुलिस अपार्टमेंट के सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। जिस फ्लैट में बदमाशों ने गोली चलाई है वह विजय शेखर पांडे की है। विजय शेखर पांडे इंद्रमणि कोल में अकाउंट्स का काम देखते हैं। इंद्रमणि कोल के मालिक सुनील अग्रवाल हैं जो फिलहाल जेल में बंद है।





यह पूरा मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है। यहां के करिज्मा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 502 के बाहर फायरिंग हुई है। सूचना के बाद पंडरी थाना की पुलिस और एफएसएल के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच की है। गोली करिश्मा अपार्टमेंट के पांचवीं मंज़िल के फ्लैट की खिड़की में लगी है। फ्लैट विजय पांडेय इसकी शिकायत दर्ज कराई है इसके बाद मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फायरिंग करने वालों की तलाश की जा रही है।

### फायरिंग की वजह को लेकर पुलिस का यह है शक

बता दें छत्तीसगढ़ में कोयला कारोबारियों पर हाल ही में ईडी ने रेड की है। इनमें से एक सुनील अग्रवाल भी हैं जो अभी जेल में हैं। जिस फ्लैट में गोली चली उसका मालिक विजय शेखर पाण्डेय है जो कि कोल कारोबारी सुनील अग्रवाल के पास अकाउंटेंट का काम करता है। पुलिस को शक है कि यह टारगेट फायरिंग भी हो सकती है और डराने के लिए किया गया फायर भी हो सकता है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इधर इस घटना के बाद अपार्टमेंट के लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने फायरिंग करने वाले बदमाशों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

## पाटन के एचडीएफसी बैंक में लगी आग, सारे दस्तावेज जलकर खाक



### दो घंटे की मशक्कत से फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**दुर्ग।** जिले के पाटन ब्लॉक स्थित एचडीएफसी बैंक में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। जिस समय यह हादसा हुआ बैंक बंद था। बैंक से धुआं उठता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जब तब फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया तब तक काफी कुछ जल चुका था। आग के कारण बैंक में रखे दस्तावेज से लेकर फॉल सिलींग तक जलकर खाक हो गया। आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को लगभग 2 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी।

जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि एचडीएफसी बैंक की पाटन शाखा में आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को रवाना किया गया था। जब तक टीम पहुंची आग काफी फैल चुकी थी। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पानी के साथ ही फोम का भी इस्तेमाल किया गया। आग के चलते बैंक शाखा में लगे तीन बड़े व छोटे एसी, प्रिंटर, पासबुक प्रिंटर, छह चेयर, कस्टमर एग्जीक्यूटिव डेस्क, फॉलसीलिंग सहित अहम दस्तावेज जल गए हैं। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट को माना जा रहा है।

### जशपुर में रेप का आरोपी भाजपा नेता गिरफ्तार

## आदिवासी महिला को अगवाकर किया था दुष्कर्म




श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में आदिवासी पहाड़ी कोरवा जनजाति की महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला अपने बच्चों के साथ पड़ोस में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गई थी। इस दौरान वहां पहुंचे एक भाजपा नेता ने महिला को डीजे के शोर के बीच अगवा किया और जंगल में ले जाकर रेप किया और नग्न हालत में महिला को छोड़कर भाग गया। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

यह पूरा मामला जिले के बगीचा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कोरवा आदिवासी महिला शनिवार को पड़ोस में हो रही बर्थ डे पार्टी में अपने बच्चों के साथ गई थी। पार्टी में डीजे बज रहा था और लोग डांस कर रहे थे। शोर के बीच स्थानीय भाजपा नेता सरजू पैंकरा ने आदिवासी महिला को जबरदस्ती अपने साथ जंगल की ओर ले गया। जंगल में पहले महिला की पिटाई की और जबरन उससे संबंध बनाया। इस दौरान महिला बेहोश हो गई तो उसे नग्न हालत में वहीं छोड़कर भाग निकला।

दूसरे दिन मनरेगा में काम करने वाली महिलाओं ने महिला को देखा और परिजनों को सूचना दी। मामला पुलिस तक पहुंचा और पुलिस ने आरोपी सरजू पैंकरा के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया। घटना के बाद आरोपी भाजपा नेता लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की। आरोपी को पुलिस ने सरगुजा से गिरफ्तार किया। आरोपी सरजू पैंकरा स्थानीय भाजपा नेता व पूर्व बीडीसी सदस्य है।

### छत्तीसगढ़ में हाथियों का उत्पात

## महिला को पटककर मार डाला घर से 50 मीटर दूर मिला शव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में हाथियों ने एक महिला की जान ले ली। टॉयलेट के लिए घर से बाहर निकली महिला को हाथी ने पकड़ लिया और घसीटते हुए ले गया और पटककर उसकी जान ले ली। यहीं नहीं हाथियों ने यहां एक मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना के बाद गांव के लोग सहमे हुए हैं। बताया जा रहा है कि पिछले 15 दिनों से हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। वन विभाग ने इसे लेकर गांव में अलर्ट भी जारी किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर वन परिक्षेत्र के कल्याणपुर अंतर्गत करेरपारा निवासी सुंदरी (55) शनिवार आधीरात को टॉयलेट के लिए घर से बाहर निकली। बाहर निकलते ही उसने देखा कि हाथी खड़ा है। इससे पहले की महिला कुछ समझ पाती हाथी ने उसे पकड़ लिया और सूंड से लपेट कर उसे घर से 50 मीटर दूर लेकर गया। इसके बाद पटक-पटककर उसकी जान ले ली।

इसके बाद तीन हाथी और पहुंचे और बंधन राम नाम के शख्स के घर का एक हिस्सा तोड़ दिया। सूचना मिलने पर रविवार की सुबह वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गांव में पहुंचे। भटगांव विधायक और संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े भी गांव पहुंचे। इस दौरान मृतकर सुंदरी बाई के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता राशि दी गई।

# अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी कंपार्टमेंट में लाखों की चोरी बैग काटकर सोने चांदी के जेवर से भरा बॉक्स ले गए बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को अपने सामान की देखरेख करने की अपील की जाती है। हालांकि इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल भी ट्रेनों में तैनात रहता है। इसके बाद भी यात्रा के दौरान समय समय चोरी के मामले सामने आते रहते हैं। इसी कड़ी में रविवार को बिलासपुर जीआरपी के पास चोरी की एक शिकायत पहुंची। प्रार्थी पीएचई का सेवानिवृत्त सहायक यंत्री है जिसकी पत्नी का सोने की हार व कंगन एसी कंपार्टमेंट से चोरी हो गए। चोरी गए जेवर की कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई जा रही है।




मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की है। भोपाल पीएचई विभाग के सेवानिवृत्त सहायक यंत्री निवासी एलआर सोनी अपनी पत्नी के साथ बिलासपुर पहुंचे। अमरकंटक एक्सप्रेस के ए-2 कोच बर्थ नंबर सात व नौ में बैठे थे और उसलापुर में उतरकर अपनी बेटी के घर विनोचा कॉलोनी पहुंचे। घर पहुंचकर देखा तो उनके बैग से एक बॉक्स गायब मिला जिसमें सोने का हार व कंगन रखे हुए थे। किसी ने बैग को बड़ी ही चालाकी से काटकर उसमें रखा बैग पार कर लिया था। इसके बाद वे जीआरपी थाना पहुंचे और इसकीप शिकायत दर्ज कराई। चोरी गए जेवर की कीमत 5 लाख रुपए तक बताई जा रही है।

### तीन युवकों पर शक

शिकायत के दौरान प्रार्थी ने तीन युवकों पर शक जताया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि तीन युवक करगीरोड रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद उनकी बर्थ में आकर बैठ गए। बैठने के बाद बातचीत शुरू की और उसलापुर स्टेशन पहुंचने पर मदद के बहाने सामान दरवाजे तक पहुंचाया। उसलापुर रेलवे स्टशन पहुंचने से पहले ही तीनों युवक दूसरे कंपार्टमेंट में चले गए। तक उन्हें इसका अंदेशा भी नहीं था युवक मदद के बहाने इतना बड़ा कांड करेंगे। हालांकि प्रार्थी ने उन युवकों पर शक जताया है। फिलहाल जीआरपी स्टेशन में लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

## लाखों का सोना लेकर फरार कारीगर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** लाखों का सोना लेकर फरार कारीगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने चोरी का सोना खरीदने वाले खरीददार को भी गिरफ्तार किया है। मामला कोतवाली थाना का है।

जानकारी के अनुसार सदर बजार नहाटा काम्पलेक्स स्थित पारख डाया ज्वेलर्स के संचालक अमित पारख ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राहकों के पसंद के जेवर अपने पहचान के कारीगर त्रिदेव दास से बनवाता था। पिछले कुछ महीनों में अमित ने थोड़ा-थोड़ा कर जेवर बनाने के लिए कारीगर को सोना देता रहा। लेकिन जब उसने जेवर के बारे में पूछने के लिए कुछ दिनों पहले उसे फोन लगाया तो उसका फोन बंद था, और उसकी दुकान जा कर पता किया तो वह 544 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### आवेदन ऑनलाइन मंगाए: रोजगार के लिए पुलगांव में जमीन मिलेगी

**दुर्ग ।** ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहर में भी रोजगार के लिए छोटे उद्योग संचालित करने जमीन मिलेगी। दुर्ग निगम के माध्यम से यह जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। जहां गोबर पेंट, एलईडी लाइट, रेडिमेट कपड़ों को तैयार करने जैसे अन्य व्यापार किए जा सकेंगे। दुर्ग निगम ने इसके लिए गोकुल नगर स्थित गौठान के करीब जगह चिन्हित की है। जहां 20 से ज्यादा भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी निगम अधिकारी भीम राव से ली जा सकती है। निगम ने उनका मोबाइल नंबर 8827370856 भी जारी किया है। प्राथमिकता के आधार पर नियम और शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को जमीन का आवंटन किया जाएगा। साथ ही उन्हें रोजगार के लिए प्रशिक्षित भी किया जाएगा। हितग्राहियों को बैंक लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### अलग काउंटर लगेगा: निगम कार्यालय में होगा आधार कार्ड अपडेट

**दुर्ग।** शहर के 60 वार्डों में आयुष्मान कार्ड बनाने और आधार कार्ड अपडेट किए जाने के काम के बाद अब निगम में भी यह कार्य कराया जा सकता है। इसके लिए अलग से काउंटर खोला जाएगा। जहां 10 साल से अधिक पुराने आधार कार्ड के सत्यापन का कार्य होगा। इसमें थम्ब इंप्रेशन और फोटो की पहचान की जाएगी। पेनकार्ड भी अपडेट किया जाएगा। इधर राशनकार्डों के सत्यापन का काम जारी है। इसके लिए राशन दुकानों में पॉश मशीन की मदद से हितग्राहियों के नामों का सत्यापन किया जा रहा है। शहर के प्रमुख हितग्राहियों का थम्ब अपडेट किया जा रहा है। बुजुर्गों के लिए अलग से पहचान भी सुनिश्चित किए जाने के इंतजाम किए जा रहे हैं। ताकि थम्ब इंप्रेशन को लेकर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। इसके अलावा निगम ने तय किया है कि संस्थाओं और ग्रुप में भी शिविर लगाने की अनुमति जारी की जाएगी। ताकि अधिक से अधिक लोग आधार कार्ड अपडेट कराने का काम करा सकें। इसके लिए निगम में आवेदन करना होगा।

### हर रोज ओपीडी की सुविधा: जिला अस्पताल में आज से हो सकेगी कीमोथेरेपी

**भिलाई।** कैंसर से पीड़ित मरीजों को मुफ्त में कीमोथेरेपी के लिए जिला अस्पताल में भी उपलब्ध होगी। इसके लिए रायपुर जाने की जरुरत नहीं होगी। जिला अस्पताल की ओपीडी यानी कमरा नंबर-8 में कीमोथेरेपी की सुविधा सोमवार यानी 12 जून से शुरू की जा रही है। दो डॉक्टरों इस दौरान मौजूद रहेंगे। उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। सोमवार से तीन-तीन दिन वे निर्धारित ओपीडी में बैठेंगे। यहां कीमोथेरेपी ले रहे मरीजों के साथ ही जिनकी कीमोथेरेपी नहीं शुरू हुई, वे मरीज भी इलाज करा सकेंगे। ओपीडी में कीमोथेरेपी के साथ ही संदिग्ध मरीजों की जांच व परामर्श भी दिया जाएगा। राष्ट्रीय प्रोग्राम के नाते इस सेंटर की सभी सुविधाएं जैसे जांच, इलाज, परामर्श, दवा बिल्कुल मुफ्त मिलेगी। सोम, बुध, शनिवार- डॉ. कामेंद्र ठाकुर और मंगल, गुरु, शुक्रवार- डॉ. बीएल मरकाम मरीजों का इलाज करेंगे। वे कीमोथेरेपी करेंगे। जरूरी परामर्श भी देंगे। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत इन दोनों चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। कैंसर का इलाज यूं तो तीन मुख्यत: तीनों थैरेपी जैसे सर्जरी, कीमो और रेडिएशन को मिलाकर होता है। कुछ मरीजों में तीनों थेरेपी की जरूरत होती है। कुछ में केवल सर्जरी और कीमो से ही इलाज हो जाता है। इसे जरूरी माना गया है।

# उद्यान का फीता कटते ही बच्चो में दिखा उत्साह: शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण, मंत्री ने तालाब में की पूजा अर्चना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। मरोदा क्षेत्र में 80.66 लाख खर्च कर सवारे शीतला सरोवर का दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण एवं गृह मंत्री ताम्रजध्वज साहू ने लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर तालाब में पूजा अर्चना भी की। इसके पहले मंत्री ने अलग अलग वार्डो में 174.76 लाख का लोकार्पण व भूमि पूजन किया। मरोदा क्षेत्र में निस्तारी और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सवारे गए शीतला सरोवर के लोकार्पण अवसर पर मंत्री ताम्रजध्वज साहू ने कहा कि वे इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष से दौरा कर रहे है। जब भी आते नागरिक इस तालाब को ठीक करने अवश्य कहते ।





निगम गठन और शहर सरकार बनने के बाद उन्होंने उपेक्षित तालाब को ठीक करने निर्देश दिए थे। उन्होंने जन समुदाय को संबोधित करते कहा कि 25 वर्ष में जितना विकास नहीं हुआ उतना 3 वर्ष में हुआ है। नागरिकों ने मंच पर बैठे अतिथियों का सम्मान साल भेंट कर किया। भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, पार्षद रेखा देवी, डोमन लाल बारले, गजेंद्री कोठरी, ममता सिन्हा, एल्डरमेन संतु दास मानिकपुरी , मोहम्मद निजाम , संध्या वर्मा, संगीता सिंह, शिशिर साहू, आदि उपस्थित थे।

#### अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

देर शाम मंत्री वार्ड 17 अंबेडकर चौक पहुंचे। यहां पर जन सहयोग से बाबा साहेब कि प्रतिमा स्थापित किया गया है। मंत्री ने प्रतिमा का अनावरण किया और नागरिकों को बधाई देते हुए अब तक हुए विकास कार्य बारे में चर्चा की।

#### मंत्री ने बच्चो के साथ फ़ोटो खिचवाया

दुर्ग ग्रामीण विधायक व मंत्री वार्ड 28 में भवन का लोकार्पण करने के बाद सीधे वार्ड7 और 29 में बने उद्यान का लोकार्पण करने पहुंचे। इस दौरान बच्चो की संख्या को देख मंत्री खुश हो गए। उन्होंने बच्चो से उद्यान में किस तरह के झूले लगाए जाने के बारे में पूछा और बच्चो की मांग को शीघ्र पूरा करने निगम आयुक्त आशीष देवांगन को निर्देश दिए। उन्होंने बच्चो के साथ फोटो भी खिंचवाया

#### इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन, लोकार्पण

वार्ड 7 में उद्यान निर्माण कार्य 33.30 लाख
वार्ड 17 में शीतला सरोवर सौंदर्यीकरण 89.59 लाख
वार्ड 17 में 10 लाख का सामुदायिक भवन
वार्ड 19 में साहू समाज भवन 10 लाख
वार्ड 22 में 12 लाख की लागत से लाइट
वार्ड 28 में सामुदायिक भवन 7 लाख
वार्ड 28 में उद्यान निर्माण 7.40 लाख
वार्ड 28 गणेश पंडाल के पास उद्यान निर्माण 5.55 लाख
वार्ड 29 में उद्यान निर्माण 89.51 लाख

# बीएसपी सेक्टर-4 सोसाइटी एक करोड़ से ज्यादा के लाभ में, सदस्यों ने आर्थिक स्थिति को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 की सालाना आमसभा रविवार की सुबह 10 बजे बीकेपी क्लब सेक्टर-4 में शुरू हुई। शाम तक चली आमसभा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई और अध्यक्ष व संचालक मंडल ने साल भर की गतिविधियों का ब्यौरा दिया। इस दौरान आमसभा में बैलेंस शीट (2022-23), बजट (2023-24) और वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंकेक्षण की नियुक्ति को मंजूरी दी गई।




शुरुआत में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष अशोक कुमार परगनिहा ने बताया कि वर्ष 1963-64 में बीएसपी के महज 57 कर्मियों के साथ शुरू हुई हमारी सोसाइटी में सत्र 2022-23 में 4693 सदस्य हैं। आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मुख्य रूप से ऋण राशि बढ़ाने की मांग उठी। वहीं आवर्ति जमा को भी बढ़ाने की मांग उठी। सदस्यों ने मौजूदा कार्यकारिणी के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि सोसाइटी बेहतर आर्थिक स्थिति में है, ऐसे में सदस्यगण अथवा उनके बच्चों की उपलब्धि पर प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान अथवा छात्रवृत्ति की शुरूआत की जानी चाहिए।

आमसभा में कामकाज की समीक्षा करते हुए परगनिहा ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि सोसाइटी का कार्यालयीन समय दोपहर 1 बजे से शाम 6:30 बजे तक होने से तीनों शिफ्ट के बीएसपी कर्मियों को अपना नियमित कामकाज करवाने में आसानी हुई है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2022 से आकस्मिक ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ाकर 2 लाख और नियमित ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ा कर 5 कर दी गई है। इसके साथ ही ऋण वसूली सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जिनमें 2 अग्रिम चेक तथा लंबे समय से ऋण की किश्त जमा नहीं करने वाले डिफॉल्टर सदस्यों और उनके जमानतदारों को पत्र भेजना शुरू किया गया है, जिसके आशाजनक परिणाम निकले हैं।

इसके साथ ही प्रति माह रिटायर होने वाले सदस्यों को अंतिम भुगतान के साथ सम्मानित करने और सोसाइटी की गतिविधियों के लिए एसएमएस सेवा के माध्यम से जानकारी देने की पहल भी उल्लेखनीय पहल साबित हुई है। आम सभा में सदस्यों के बीच कन्वीनियंस अलाउंस का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरनलाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर, सुदीप बनर्जी, नारायण साहू, सुरेश कुमार व कमल बोस सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

# ठेका श्रमिकों को न तो पूरा वेतन मिल रहा न ही विशेष भत्ता एडब्ल्यूए: इंटक



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में हुई। जिसमें अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने सेल प्रबंधन से मांग की कि एनजेसीएस के सब कमेटी की बैठक जल्द बुलाकर ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता जल्द किया जाए।

75 महीना बीत जाने के बाद भी सेल का वेतन समझौता पूर्ण नहीं हो पाया है। 2017 में हुए वेतन समझौता में ठेका श्रमिकों के लिए एडब्ल्यूए 1300 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी और पहले 1000 रुपए एडब्ल्यूए मिलता था। कुल मिलाकर 2300 रुपए एडब्ल्यूए हुआ था लेकिन बीएसपी में सभी श्रमिकों को न्यूनतम वेतन ही पूरा नहीं मिलता और न ही एडब्ल्यूए दिया जाता है। उपाध्यक्ष सीपी वर्मा ने कहा कि बीएसपी में कार्य कर रहे सभी श्रमिक तीनों पाली में संयंत्र के उत्पादन एवं रखरखाव में कार्य कर रहे हैं।

उन्हें अकुशल, अर्ध कुशल, कुशल एवं अति कुशल श्रमिकों का मूल वेतन निर्धारण किया जाए। महंगाई भत्ता मूल वेतन के आधार पर बढ़ाया जाए। नियमित कर्मचारी की भांति प्रतिवर्ष इंक्रीमेंट भी दिया जाए। बैठक में दीनानाथ सिंह, आरके त्रिपाठी, गुलाब दास, मनोहर लाल, जसवीर सिंह, गुरुदेव साहू, जयराम ध्रुव, बीपी खरे, संतोष ठाकुर, कोला राजू आदि उपस्थित रहे।

नवनियुक्त सेल अध्यक्ष से मिले सेफी के प्रतिनिधि:

# सेल को बेहतर स्थिति में लाने दिया स्मार्ट वर्किंग का सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेफी ने नवनियुक्त सेल अध्यक्ष अमलेंदु प्रकाश से मिलकर सेल अफसरों के लंबित मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण की मांग की। जिस पर चेयरमैन जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। सेल चेयरमैन का पद ग्रहण करने के बाद सेफी प्रतिनिधि मंडल की अमलेंदु प्रकाश के साथ यह पहली बैठक थी।



जिसमें सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सेल अध्यक्ष से कंपनी के समक्ष उपस्थित चुनौतियों तथा उनके संभावित समाधान तथा स्मार्ट वर्किंग पर जोर देते हुए सेफी ने कार्मिकों के हितों तथा बेहतरी के लिए सेल अध्यक्ष से कार्मिकों के अनेक लंबित मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें प्रमुख रूप से माइंस के अधिकारियों के लिए विशेष भत्ता (डासा), मकान भत्ता, इंक्रीमेंटल पीआरपी, सेल पेंशन, वर्क लाइफ बैलेंस तथा संसाधनों के अधिकतम उपयोग आदि मुद्दे शामिल थे। माइंस के अधिकारियों का विशेष भत्ता जिसे 29 सितम्बर 2022 से बंद कर दिया गया, जिसे दोबारा शुरू कराने के लिए सेफी प्रयासरत है। इसके अलावा सेल में यूनिफार्म एचआरए पॉलिसी लागू करवाने, नई प्रमोशन पालिसी में दिए जाने वाले फास्ट ट्रैक प्रमोशन पर चर्चा हुई।

# छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग में निकली भर्ती:10 से 31 हजार रुपए तक मिलेगी सैलरी, 21 जून तक कर सकते हैं आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 217 अलग-अलग पदों के लिए वैकेंसी निकाली गई है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 7 जून से शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तारीख 21 जून तक निर्धारित की गई है।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग से मिली जानकारी के मुताबिक साइकोलॉजिस्ट (क्लीनिकल), सीनियर नर्सिंग ऑफिसर,असिस्टेंट, फार्मासिस्ट सहित अलग-अलग पदों पर कुल 217 पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को 10,000 रुपए से लेकर 31,000 रुपए तक की सैलरी मिल सकती है। पात्र आवेदक जिले की आधिकारिक वेबसाइट durg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए किसी अन्य माध्यम से अथवा सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

शैक्षणिक योग्यता: जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता व अनुभव मांगा गया है। आयु की बात करें तो इसमें 18 वर्ष की आयु से लेकर अधिकतम 70 वर्ष (चिकित्सकीय पद) और 64 वर्ष (प्रबंधकीय पद) के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु की गणना 01 जून 2023 से की जाएगी। आवेदक जिला आधिकारिक लिंक durg.gov.in में जाकर अपनी योग्यता व अन्य मानदंड चेक कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए इमेज फाइल में भी चेक कर सकते हैं।

# नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन 163 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वार्ड 44 में विधायक नि:शुल्क स्वास्थ शिविर की टीम द्वारा श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हॉस्पिटल के सहयोग से स्त्री रोग विशेषग्य ,नेत्र रोग विशेषग्य, दंत रोग, आपातकालीन चिकित्सा, आर्थोपेडिक ,ब्लड ग्रुप और एचबी जांच (सेवक जन फाउंडेशन) की सयुक्त टीम के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।




जिसमे वार्ड 44 के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ये शिविर वार्ड 44 पंडित लक्ष्मी नारायण राम मंदिर बालाजी नगर में मानवेन्द्र सिंह (छाया पार्षद) टी शंकर राव (जोन अध्यक्ष) संगम यादव (अध्यक्ष NSUI भिलाई नगर) और डॉ हरजिंदर सिंह समाज सेवक के सहयोग से ये शिविर का आयोजन किया गया कुल 163 लोगो ने शिविर के माध्यम से अपना स्वास्थ लाभ लिया।

विधायक देवेंद्र यादव जी द्वारा भिलाई नगर निगम के हर वार्ड में अपनी नि:शुल्क स्वास्थ शिविर की टीम के साथ हर घर तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हर वार्ड में शिविर का अच्छा सहयोग भी मिल रहा जरूरत मंद शिविर के साथ साथ हॉस्पिटल तक जाकर स्वास्थ लाभ ले रहे । श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज एवम हॉस्पिटल से डॉ प्रभा पटेरिया जी द्वारा हॉस्पिटल के तरफसे ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक कर रही ताकि किसी विपत परिष्ठि में जरूरत मंद हॉस्पिटल पहुंच कर स्वास्थ लाभ ले ।

# लोक वाद्य कार्यशाला शिविर का दो दिवसीय समापन आज से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं 'कुहूकी' के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय लोक वाद्य कार्यशाला शिविर का दो दिवसीय समापन समारोह सोमवार 12 जून और मंगलवार 13 जून की शाम होगा। कुहूकी कला ग्राम संग्रहालय परिसर मैत्री बाग चौक मरोदा रिसाली में होने वाले इस समारोह में दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह रखा गया है।

पहले दिन 12 जून को शाम 7:30 बजे मुख्य अतिथि भिलाई स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) सुब्रत मुखोपाध्याय, विशिष्ट अतिथि स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया (सेफी) और बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, नगर पालिका निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर और पार्षद व महापौर परिषद सदस्य सनीर साहू नगर निगम रिसाली होंगे। वही अध्यक्षता भिलाई स्टील प्लांट के सीजीएम टाउनशिप एवं सीएसआर जितेंद्र यादव सपकाले होंगे। इस अवसर पर प्रख्यात पंथी नृत्य कलाकार पद्मश्री डॉ आर एस बारले को 'कुहूकी' कला सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस दौरान रिंकी देवांगन, दुष्यंत हरमुख और ईश्वर पटेल द्वारा लोकगीत एवं लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

वहीं समापन समारोह के अंतिम दिन लोक वाद्य कार्यशाला शिविर में 13 जून मंगलवार को शाम 7:30 बजे से कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ताम्रध्वज साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर और पार्षद एवं महापौर महापौर परिषद सदस्य सनीर साहू नगर पालिका निगम रिसाली भिलाई होंगे।

अध्यक्षता नगर पालिका निगम रिसाली की महापौर श्रीमती शशि सिन्हा करेंगी। इस अवसर पर विवेक शर्मा, कंचन जोशी, क्रांति,कार्तिक ओपी देवांगन एवं गीतांजलि साहू द्वारा लोकगीत एवं लोकरंग की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक रिखी क्षत्रिय, अन्नपूर्णा क्षत्रिय, कुहूकी एवं लोक रागिनी परिवार ने कला प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950